

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 175

ग्वालियर, शनिवार, 14 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### तमिलनाडु में पेट्रोल 3 रु लीटर सस्ता, स्टालिन सरकार का बड़ा फैसला

**चेन्नई (ए)।** महंगे पेट्रोल से जूझ रही जनता को तमिलनाडु सरकार ने राहत दी है। राज्य में पेट्रोल के दाम तीन रुपये लीटर घटा दिए गए हैं। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ स्टालिन सरकार ने राज्य की जनता को यह बड़ी राहत पहुंचाई है। राज्य में 2.6 करोड़ दो पहिया चलाने वाले लोग हैं। उन्हें इससे सीधा लाभ होगा। राज्य के वित्त मंत्री पी. थैगा राजन ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में यह एलान किया। उन्होंने बताया कि पेट्रोल के दाम घटाने के कारण सरकारी खजाने को 1160 करोड़ रुपये का नुकसान होगा। बता दें, देश के कई राज्यों में पेट्रोल के दाम 100 रुपये लीटर या इससे ज्यादा चल रहे हैं।

### एयर इंडिया की पायलट कैप्टन जोया अग्रवाल बनीं संयुक्त राष्ट्र में महिला प्रवक्ता

**नई दिल्ली (ए)।** जेनरेशन इक्वलिटी के तहत संयुक्त राष्ट्र में महिला प्रवक्ता बनने पर एयर इंडिया की पायलट कैप्टन जोया अग्रवाल ने कहा कि मैं बहुत ही विनम्र होकर यह कहना चाहती हूं कि संयुक्त राष्ट्र महिला जैसे मंच पर अपने देश और एयर इंडिया के ध्वजवाहक का प्रतिनिधित्व करने का मुझे मौके मिला यह मेरे लिए बहुत गौरव की बात है। दुनिया भर में अपने देश का मान बढ़ाने के लिए मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। कैप्टन जोया अग्रवाल ने कहा कि मैंने सपना देखना तब शुरू किया था जब मैं आठ साल की थी। मैं सितारों को छूना चाहती थी। मैं हर लड़की और महिला से कहना चाहती हूं कि अपने आस-पास के माहौल की परवाह किए बिना सपने देखना जारी रखें। कृपया सपने देखें और अपनी सारी मेहनत उसे पूरा करने में समर्पित कर दें। हार न मानें।

### स्वतंत्रता सेनानी पेंशन योजना के तहत विधवा पुत्री पेंशन की हकदार: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि विधवा पुत्री स्वतंत्रता सेनानी पेंशन योजना के तहत पेंशन पाने की हकदार है। केंद्र सरकार ने कहा था कि इस योजना के तहत स्वतंत्रता सेनानी की विधवा या तलाकशुदा बेटी पेंशन पाने की हकदार नहीं है। न्यायमूर्ति वीके राव ने एक स्वतंत्रता सेनानी की विधवा बेटी की याचिका का निपटारा करते हुए केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह 8 सप्ताह में याची को पेंशन प्रदान करने पर विचार करे। अगर वह इस योजना के तहत अन्य शर्तें पूरी करती है। अदालत ने यह आदेश केंद्र सरकार के 12 फरवरी 2020 के आदेश को खारिज करते हुए दिया। पेश मामले में याची के स्वतंत्रता सेनानी पिता की नवंबर 2019 में मृत्यु हो गई थी। उन्हें पेंशन मिल रही थी। उनकी मृत्यु के बाद उनकी विधवा, दिव्यांग, मानसिक रूप से कमजोर, बेरोजगार और बिस्तर पर पड़ी बेटी पूरी तरह बेसहारा हो गई थी। केंद्र सरकार ने फरवरी 2020 में उसे जानकारी दी कि आश्रित पेंशन के लिए उसका आवेदन रद कर दिया गया है। केंद्र ने कहा कि संशोधित नीति के तहत स्वतंत्रता सेनानी की विधवा या तलाकशुदा बेटी इस पेंशन की हकदार नहीं है।

**तालिबान के शिकंजे में अफगानिस्तान**

# भारत के बनाए फ्रेंडशिप डैम पर तालिबान का कब्जा

## इस डैम को बनाने वाले भारत के दोस्त इस्माइल खान ने भी सरेंडर किया

**काबुल।**

तालिबान दिन में अफगानिस्तान के दूसरे सबसे बड़े शहर कंधार समेत 19 प्रांतों पर कब्जा कर चुका है। वहीं, तालिबान के खिलाफ लड़ने वाले लोग भी अब सरेंडर करने लगे हैं। अफगानिस्तान के हेरात प्रांत के गर्वनर रहे इस्माइल खान इस वक्त तालिबान के कब्जे में हैं। वे तालिबान के खिलाफ लड़ने वाले प्रमुख लोगों में शामिल थे, लेकिन अब उन्होंने तालिबान के आगे सरेंडर कर दिया है। बता दें, इस्माइल खान अफगानिस्तान में भारत के करीबी दोस्त थे। उन्होंने हेरात में भारत की मदद से बने सलमा बांध के निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी। इस डैम का इनॉगरेशन 4 जून 2016 को किया गया था। ये हेरात के चिश्ती शरीफ जिले में स्थित हारी नदी पर बना है। बाद में इसका नाम सलमा डैम से बदलकर अफगानिस्तान-इंडिया फ्रेंडशिप डैम कर दिया गया था। तालिबानियों ने इस डैम पर भी कब्जा कर लिया है।



### कंधार एयरपोर्ट पर भी तालिबान का कब्जा, 4 हजार सैनिकों और कर्मचारियों का समपर्ण

तालिबान के एक सूत्र के मुताबिक जाबुल के गवर्नर हमीदुल्लाह तोखी ने भी आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं, कंधार शहर पर तालिबान के कब्जे के दौरान अफगान सुरक्षा बलों और काबुल प्रशासन के अधिकारियों ने यहां के एयरपोर्ट पर शरण ली थी। ये सुरक्षित ठिकाना माना जा रहा था। लेकिन आज कंधार एयरपोर्ट भी तालिबान के कब्जे में आ गया है।

तालिबान सूत्रों के मुताबिक बिना लड़ाई के अफगान बलों ने हथियार डाल दिए हैं। एक तालीबान सूत्र ने दावा किया है कि 4 हजार सैनिकों और कर्मचारियों ने आत्मसमर्पण किया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती है।

### अफगानिस्तान के उप-राष्ट्रपति ने तजाकिस्तान भागने की खबरों का किया खंडन

अफगानिस्तान के उप-राष्ट्रपति अमीरुल्लाह सालेह ने तजाकिस्तान भागने की रिपोर्टों का खंडन किया है। उपराष्ट्रपति के प्रवक्ता रिजवान मुराद ने बताया, वो काबुल में हैं, उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। काबुल में इस समय अफगानिस्तान सरकार की उच्च स्तरीय बैठक चल रही है। इसमें कतर में तालिबान से बात कर रहे अधिकारी भी शामिल हैं। इस बैठक के बाद तय होगा कि आगे राष्ट्रपति क्या करेंगे।

### अफगानिस्तान के उप-गृहमंत्री का भी सरेंडर

सूत्रों ने बताया है कि तालिबान से जंग के बाद इस्माइल खान और उनके सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया। वे तालिबान के लड़ाकों के साथ अपने घर में हैं। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा है कि तालिबान उनके साथ सही बर्ताव कर रहा है। इस्माइल खान के अलावा अफगानिस्तान सरकार में उप-गृहमंत्री रहमान और हेरात प्रशासन के प्रमुख और जफर कोर के प्रमुख कमांडर खयाल नबी अहमदजई, हेरात के गवर्नर अब्दुल सबूर काने और नेशनल सिक्योरिटी डायरेक्टर हसाब सिद्दीकी भी तालिबान के सामने सरेंडर कर चुके हैं।

तालिबान के प्रवक्ता कारी मोहम्मद युसूफ ने एक बयान में कहा है कि इन सभी ने हजारों सैनिकों के साथ इस्लामी अमीरात से हाथ मिला लिया है। वहीं तालिबान का ये भी कहना है कि आत्मसमर्पण करने वाले इन सभी लोगों को जीवन की सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन के अधिकार का भरोसा दिया गया है।

### पाकिस्तानी सेना के साथ अफगानी नागरिकों की झड़प

अफगानिस्तान में मची भगदड़ के बीच पाकिस्तान के चमन बॉर्डर पर माहौल गर्म है। यहां अफगानिस्तान छोड़ने वाले लोगों का हुजूम उमड़ा हुआ है। पलायन कर रहे लोग शुक्रवार को पाकिस्तानी सेना से भिड़ गए। तालिबान ने अफगानिस्तान की ओर से इस सीमा को अपने कब्जे में लेकर बॉर्डर को सील कर दिया है। लोगों को पाकिस्तान जाने की इजाजत नहीं है।

### ब्रिटेन भी काबुल में भेजेगा सैनिक

अमेरिका के बाद अब ब्रिटेन भी काबुल में अपने नागरिकों और दूतावास कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सैनिक भेज रहा है। ब्रितानी प्रधानमंत्री अफगानिस्तान के हालात को लेकर आपात सुरक्षा बैठक कर रहे हैं।

### तालिबान ने अब तक 19 प्रांतों और उनकी राजधानियों पर कब्जा किया

तालिबान ने शुक्रवार शाम तक अफगानिस्तान के 19 प्रांतों और उनकी राजधानियों पर कब्जा कर लिया है। ये प्रांत हैं- निमरोज, जव्ज्जान, सर्पिल, तखारी, कुंदुज, समनगन, फराह, बगलान, बदख्शन, गजनी, हेरात, बदघिश, कंधार, हेलमंद, घोर, ऊरुजगान, जाबूल, लोगर और पक्तिया।

**उड़ानों में बढ़ोत्तरी होने से**

## पर्यटन, उद्योग, व्यापार और वाणिज्य में बहुत ज्यादा अवसर प्राप्त होंगे: ज्योतिरादित्य सिंधिया

### बरेली से मुंबई को जोड़ने वाले नये विमान को आज रवाना

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय में हुए एक वर्चुअल समारोह में बरेली (उत्तर प्रदेश) को मुंबई (महाराष्ट्र) से जोड़ने वाली नई उड़ान को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम के दौरान नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्यमंत्री,जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह, बरेली के सांसद संतोष गंगवार,नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव,प्रदीप सिंह खरोला और एमओसीए में संयुक्त सचिव उषा पाढ़ी के साथ एमओसीए और एएआई के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। नंद गोपाल गुप्ता, नागरिक उड्डयन मंत्री, उत्तर प्रदेश, डॉ अरुण कुमार, विधानसभा सदस्य, भारतीय जनता पार्टी, भरन लाल मौर्य, विधायक भाजपा, राजेश कुमार मिश्रा, विधायक भाजपा और नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश, राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों के साथ बरेली के जिलाधिकारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।



ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहाकि आज देश के नागरिकों के लिए उड्डयन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण दिन है। आज से बरेली-मुंबई रूट पर और 14 अगस्त 2021 से बरेली-बेंगलुरु रूट पर उड़ान संचालन शुरू होने से न केवल इस क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि पर्यटन, शिक्षा, उद्योग और व्यापार और वाणिज्य में भी अपार संभावनाएं खुलेंगी। इसके अलावा, हम 26 अगस्त 2021 से दिल्ली-बरेली के बीच रोजाना परिचालन की आवृत्ति भी बढ़ा रहे हैं। इन सीधी उड़ानों के माध्यम से न केवल बरेली के लोगों को बल्कि नैनीताल और रानीखेत जैसे पड़ोसी क्षेत्र के लोगों को भी लाभ होगा। भारत सरकार की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना-उड़े देश का आम नागरिक के अंतर्गत बरेली हवाई अड्डे को वाणिज्यिक उड़ान का संचालन करने के लिए अपग्रेड किया गया है। 8 मार्च 2021 को उड़ान योजना के अंतर्गत परिचालन शुरू करने वाला यह 56 वां हवाई अड्डा बन चुका है, जिसमें दिल्ली-बरेली मार्ग पर चालक दल की सभी सदस्य महिलाएं हीथीं।

**हिमाचल में फिर लैंड स्लाइड**

# लाहौल स्पीति में पहाड़ के मलबे से चंद्रभागा नदी का बहाव रुका, पास के गांवों में बाढ़ के हालात बने



**शिमला**

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में शुक्रवार सुबह लैंडस्लाइड होने से पहाड़ का मलबा चंद्रभागा नदी में जा गिरा। इससे नदी का बहाव रुक गया। नदी का पानी दो गांवों के कुछ घरों और खेतों में भर गया। इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि पहाड़ का एक हिस्सा धीरे-धीरे दरकना शुरू हुआ और फिर मलबे ने नदी का रास्ता रोक दिया।

स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट डायरेक्टर सुदेश कुमार मोख्ता ने बताया कि घटना के बाद एहतियात के तौर पर कुछ गांवों को खाली करा लिया गया। नदी की धारा रुकने से तरंग और जसरत गांवों के चार घरों तक पानी पहुंच गया। 30 बीघा खेतों में भी पानी भर गया। 5 गौशालाएं, एक भेड़ और एक बछड़ा इसमें बह गए। कुछ समय बाद नदी का बहाव दोबारा शुरू हो गया।

### मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री अमित शाह से बात की


सुदेश कुमार ने बताया कि मिट्टी की जांच के लिए सॉइल स्टडी टीम मौके पर भेजी गई है। किसी अनहोनी से निपटने के लिए हृष्ठक्रस्न की टीम को कुल्लू में स्टैंडबाय मोड पर रखा गया है। उदयपुर में रहने वाले बीर बहादुर सिंह ने बताया कि चंद्रभागा नदी का बहाव उदयपुर सब डिवीजन के नलादा और जसरत के बीच जहालमन गांव के पास रुका था। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने विधानसभा में कहा कि उन्होंने घटना के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की। उन्होंने हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। ट्राइबल डेवलपमेंट मिनिस्टर राम लाल मारकंडा, चीफ सेक्रेटरी राम सुभाग सिंह और छ्वस्नक्क संजय कुंडू ने नदी के ब्लॉक होने से बने हालात की समीक्षा की है।

### पाकिस्तान तक बहती है नदी

ऊपरी हिमालय के टांडी में चंद्रा और भागा नदियों के संगम से बनने की वजह से इस नदी को चंद्रभागा कहा जाता है। कश्मीर में यही चिनाब के नाम से जानी जाती है। यह सिंधु नदी की एक सहायक नदी है। यह जम्मू और कश्मीर के जम्मू क्षेत्र से होकर पंजाब और पाकिस्तान के मैदानी इलाकों में बहती है। इस नदी का पानी भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सिंधु जल समझौते की शर्तों के हिसाब से बांटा जाता है।

### गरिमामय अंदाज मे हुई स्वतंत्रता समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता समारोह से पुर्व फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की गई। जिसमें सामने आई खामियों को दूर किया गया। गौरतलब है कि 15 अगस्त को राज्य स्तरीय स्वतंत्रता समारोह पर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ध्वजारोहण करेंगे। वहीं समारोह में पुलिसकर्मियों को पदक से भी नवाजा जायेगा। फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल परेड में डीजीपी विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार, कमिश्नर कवींद्र कियावत, एडीजीपी ए सांई मनोहर, कलेक्टर अविनाश लवानिया, डीआईजी इरशाद वली भी मौजूद रहे। अफसरों ने परेड सलामी से लेकर पदक वितरण समारोह के बारे में जानकारी भी ली। इस परेड में 8 कंपनियां हिस्सा लेंगी, लेकिन कोरोना संक्रमण के चलते अबकी बार भी स्कूली बच्चे मुख्य समारोह में शामिल नहीं होंगे।




**फाइजर और मॉडर्ना के टीके को मिली मंजूरी** | **डेल्टा वैरिएंट पर बूस्टर वॉर**

# अमेरिका में हाई रिस्क मरीजों को लगेगी कोरोना वैक्सीन की तीसरी डोज

*ऐसे मरीज सेकेंड डोज के 28 दिन बाद बूस्टर डोज ले सकेंगे।*

*सिंगल डोज वालों के लिए कोई जानकारी नहीं दी*

**वॉशिंगटन**

फ्रांस और इजराइल जैसे देशों के बाद अब अमेरिका ने भी बूस्टर डोज को मंजूरी दे दी है। अमेरिका में डेल्टा वैरिएंट के बढ़ते मामलों के बीच हाई रिस्क मरीजों को बूस्टर डोज दिया जाएगा। स्न ड्रग रेगूलेटर्स ने इसके लिए फाइजर और मॉर्डना के तीसरे डोज को इमरजेंसी इस्तेमाल की मंजूरी दी है। अमेरिकन फुड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FD) ने अपने बयान में कहा है कि देश में लाखों लोग ऐसे हैं जो हाई रिस्क पर हैं। मतलब जिन मरीजों का कोई ऑर्गन ट्रांसप्लांट हुआ है या फिर वो कैंसर जैसी बीमारी से पीड़ित हैं, उन्हें वैक्सीन की तीसरी डोज मिलेगी।



### सेकेंड डोज के 28 दिन बाद ले सकेंगे तीसरी खुराक

FDA कमीश्नर जेनेट वुडकॉक ने एक बयान में कहा कि देश में कोरोना की एक और लहर ने एंट्री ले ली है। स्नष्ठ को चिंता है कि कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों को इस खतरनाक बीमारी का खतरा ज्यादा है।

वुडकॉक ने सिंगल डोज लेने वाले लोगों को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। बता दें कि अमेरिका में जॉनसन एंड जॉनसन (छ्व×छ्व) की सिंगल डोज का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। संभव है कि सिंगल डोज ले चुके लोगों के लिए भी जल्द ही कोई निर्देश जारी किया जाए।

### तीन देशों में तीसरी डोज का पहले से इस्तेमाल

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, स्वास्थ्य अधिकारियों का मानना है कि वैक्सीन की थर्ड डोज कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों को शुरुआती तौर पर राहत देगी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि, फ्रांस ने अप्रैल में ही ऐसे मरीजों को बूस्टर डोज देने की अनुमति दे दी थी। वहां भी सेकेंड डोज के 28 दिन बाद तीसरी खुराक दी जा रही है। इजराइल और जर्मनी ने भी हाल ही में तीसरी डोज को सिफारिश की है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न



शिवपुरी। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में होने वाले कार्यक्रमों के मद्देनजर अनुविभागीय अधिकारी जे.पी.गुप्ता की अध्यक्षता में गत दिवस जनपद पंचायत पिछोर के सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजित की गई। जिसमें सभी विभाग प्रमुख प्रभारी शामिल रहे। बैठक में बताया गया कि शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार सभी कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालयों में सुबह 8 बजे गरमापूर्ण झंडा वंदन करेंगे। सभी शालाओं पंचायत भवनों पर सीईओ, बीआरसीसी तथा बीईओ पंचायतों में इसका विशेष ध्यान रखेंगे। नगर पंचायत क्षेत्र में स्वतंत्रता सेनानी तथा लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान उनके घर जाकर श्रीफल शॉल भेंट कर तहसीलदार एव सीएमओ द्वारा किया जाना चाहिए। जनपद पंचायत में प्रशासन समिति के प्रधान तथा नगर पंचायत में सीएमओ द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। एसडीएम ने बताया कि सभी कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालयों में ग्रामीण क्षेत्रों में समस्त विद्यालय एवं पंचायतों में ध्वजारोहण के उपरांत 5-5 वृक्ष लगाएंगे और उन्हें वायुदूत ऐप पर अपलोड करेंगे। इस मौके पर तहसील नरेश चंद्र गुप्ता, थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर, खंड पंचायत अधिकारी आर.के.टेंडर, पीएचई एसडीओ अशोक चतुर्वेदी, सीडीपीओ अरविंद तिवारी, सीएमओ राघवेंद्र पालिया, डॉ. हेमंत ओझा आने अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### शहर में सिंध से जारी है गंदे पानी की सप्लाई

**शिवपुरी।** शहर में घटिया निर्माण के चलते सुर्खियों में रही सिंध जलावर्धन योजना अभी पूरी तरह से शहर में कनेक्शन भी नहीं कर पाई है। इससे पहले ही इस योजना की एक और पौल खुल गई। शिवपुरी शहर में आई भारी बारिश के बेग से खूबत घाटी के पास सिंध पेयजल की लाइन ध्वस्त हो गई थी। जिससे 7-8 दिन तक नगर में सिंध के पानी की सप्लाई नहीं हुई। जैसे तैसे लाईन ठीक हुई तो इस लाईन से गंदा पानी आता रहा। पहले तो गंदे पानी को सप्लाई करने में जिम्मेदार आनाकानी करते रहे। परंतु यह पानी साफ नहीं हुआ तो जिम्मेदारों ने इस दुषित पानी को ही शहर में सप्लाई कर दिया। जिसके चलते सिंध जलावर्धन योजना में पानी को फिल्टर करने के इस प्लांट की पोल खुल गई। इस योजना में काम कर रही कंपनी की जिम्मेदारी है कि वह शहर में पानी को फिल्टर कर पब्लिक के बीच सप्लाई करे। परंतु यहां कोई सुनने बाला नहीं है और लोगों के घरों में यह दूषित जल सप्लाई किया जा रहा है। लगातार पिछले 4-5 दिनों से बहुत गंदा पानी नागरिकों को मिल रहा है। जिसे वह किसी भी इस्तेमाल के लायक नहीं मानते। दूषित पेयजल मिलने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

# डिजिटल साक्षरता आज की जरूरतः श्रीमती सिंधिया

**आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश% पर वर्चुअल एम्पलाईमेंट कॉन्क्लेव 2021 का समापन**





शिवपुरी। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने %आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश% पर वर्चुअल एम्पलाईमेंट कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता आज की जरूरत है और ऐसी मानसिकता विकसित करना आवश्यक है। कोविड ने हम सभी को डिजिटल होने पर मजबूर किया है। हमें तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए युवाओं में इस सोच को विकसित करना होगा कि वे मात्र पाठ्यक्रम के विषयों पर केन्द्रित न रहकर आधुनिकतम तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी से भी पूर्ण रूप से वाफिक हो। युवा समस्याओं के निराकरण की जानकारी के अतिरिक्त इस बात के लिए भी अपने आप को तैयार करें कि इसका क्रियान्वयन कैसे और कहाँ किया जा सकता है।मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश ने डिजिटल स्किलिंग को अपने एजेंडें में प्रमुख स्थान दिया गया है। हम इस पर पिछले कुछ महीनों से एक्शन प्लान बनाकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी जीवन के हर क्षेत्र में लागू होती है। शैक्षणिक संस्थानों में सैद्धांतिक ज्ञान से ज्यादा व्यवहारिक पढ़ाई पर जोर दिया जाना चाहिए। हमने एक नया प्रयोग किया था, जिसमें हमारे लगभग 40 हजार बच्चों ने माइक्रोसॉफ्ट कम्पनी के माध्यम से ए.आई. कोर्स की जानकारी से रू-ब-रू हुए थे। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि तकनीकी शिक्षा विभाग ने कॉगनीज़ेन्ट, इनफोसिस, परसिसटेंट, केपेमिनी जैसी देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों के साथ मिलकर प्रदेश के युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए नित नए प्रयोग कर रहा है। तकनीकी शिक्षा, नैसकॉम, इन्फोसिस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वर्चअत कान्वलेव के विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योग विशेषज्ञों ने अपने सुझाव दिए।एम.डी. परसिसटेंट सिस्टम के डा. आनन्द देशपाण्डे ने कहा कि कोरोना ने आजीविका पर गहरा प्रभाव छोढ़ा है। परन्तु इस डिजिटाइजेशन ने प्रौद्यागिकी की मदद की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वॉर फार टेलेंट में बढ़ोत्तरी हुई है। नई कम्पनियाँ सर्वोत्तम प्रतिभा की खोज में हैं। अपने विषयों के अलावा शार्ट टर्म कोर्सस अपना कर नई दिशा में कार्य किया जा सकता है। एम.डी. ष्ट्ढ्ढस्ष्टह्व हरीश कृष्णन ने कहा कि कोविड व्यवधान ने हमें कहीं से भी किसी भी समय काम करने के नए आयाम दिखाए हैं। यह चलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही ष्ट्ढ्ढस्ष्टह्व युवाओं के लिए साइबर सेक्युरिटी स्पोकन इंग्लिश आदि पर पाठ्यक्रम शुरू करेगा। कॉगनीढ़ेंट की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री माया श्रीकुमार ने जानकारी साझा की, कि किस तरह से शैक्षणिक उद्योगों के लिए प्रतिभाओं को निखार सकती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को तकनीक के माध्यम से समस्याओं को समझना और उनकी पहचान करना आना आवश्यक है। यह हुनर उन्हें भविष्य में सफलता दिलायेगा। पाठ्यक्रम के विषयों को कम कर कौशल व्यवहारिक ज्ञान में वद्धि करें।कैपजमीनी की निदेशक सुश्री तेजिंदर सेठी ने कहा कि डिजिटाइजेशन हर रोज नये रूप में आ रहा है। किराने की दुकान में भी अब डिजिटल पेमेंट होता है। सब लोग डिजिटली ट्रांसफार्म हो रहे है। उन्होंने कहा कि इसका नकारात्मक प्रभाव भी है। डाटा सुरक्षा, साइबर क्राइम जैसे धोखे से आम आदमी अब परिचित हो रहा है। इसके लिए साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड सिक्योरिटी स्किल्स भविष्य की जरूरत है। हमें इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा युवाओं की जरूरत है।कॉन्क्लेव में परसिसटेंट के समीर बेन्द्रे, इनफोसिस के सुधीर मिश्रा, ष्ट्ढ्ढस्ष्टह्व की सुश्री मार्सेला-ओ-शिया, सेलफोर्स के विलियम सिम, माइक्रोसाफ्ट की सुश्री इंद्राणी चौधरी ने भी अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर सचिव तकनीकी शिक्षा मुकेश चन्द्र गुप्ता तथा सीआईआई यंग इंडियन्स के डॉ. अनुज गर्ग उपस्थित रहे।

# लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री श्री राठखेड़ा द्वारा बैराड़ नगर परिषद में ली समीक्षा बैठक





शिवपुरी। जिले के पोहरी विधानसभा क्षेत्र की बैराढ़ नगर परिषद में लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री श्री सुरेश धाकढ़ राठखेढ़ा द्वारा विकासखंड के सभी विभागों की बैठक ली गई। बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर चर्चा की गई। मंत्री श्री राठखेढ़ा ने बैठक में कहा कि सभी लोगों से मिल जुलकर एवं सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने हेतु कहा गया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी मुख्यालय पर रहकर ही कार्य करें। गांव में किसान के घर-घर जाकर सर्वे करें। चौपाल पर बैठकर सर्वे ना करें एवं जिसका जो नुकसान हुआ है उसका सही आंकलन कर अधिकारियों को अवगत कराएं जिससे शासन द्वारा उनको मुआवजा दिलवाया जा सके।उन्होंने कहा कि किसान के खेत पर जाकर ही पटवारी का दल सर्वे करें। पांच-पांच लोगों का दल बनाया जाए। दल की निगरानी तहसीलदार और आरआई द्वारा की जाए। गांव में किसी का नुकसान हुआ है, पशुहानि हुई है, सभी को शासन के निर्देशानुसार मुआवजा की राशि दिलवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी बाढ़ में सुरेंद्र जाटव, रामप्रसाद आदिवासी का देहावसान हो गया था उन्हें तहसीलदार द्वारा चार ढ़4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। बैराढ़ के बाढ़ पीढ़ित क्षेत्रों में 651 कुंटल गेहूं वितरित किया जा चुका है। मंत्री श्री राठखेढ़ा ने बैराढ़ नगर में साफ सफाई करने के लिए सीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सफाई कर्मचारी अपनी ड्रेस में ही कार्य करें जिससे सफाई कर्मी का पता चल सके एवं बरसात के बाद मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए छिड़काव कराएं। साथ में डॉक्टरों को भी बाढ़ पीढ़ित गांवों में तहसीलदार से मिलकर कैंप लगाने के लिए निर्देश दिए। एमपीईबी के उपयंत्री को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी किसान से जबरदस्ती बिजली बिलों की वसूली ना करें एवं महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनबाढ़ियों का सही समय पर संचालन कराएं एवं सघन चेकिंग करें। इस अवसर पर उन्होंने एसडीएम राजन भी नाडिया व उनकी टीम के कार्यो की सराहना की। इस अवसर पर विक्की मंगल मंडल अध्यक्ष बैराढ़, तहसीलदार बैराढ़ विजय शर्मा, रामपाल रावत एडवोकेट, सेठ मेवालाल रामकली जाटव, जगदीश गोबरा, डॉ. जनवेद वर्मा, लक्ष्मण रावत, विजय यादव, जगदीश वर्मा कनाखेढ़ी, पदम रावत, धर्मवीर भारद्वाज एवं समस्त विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

### सिंध नदी से मिले सिक्के पुलिस ने बरामद किए

**मामला पचावली में निकले 280 साल पुराने चांदी के सिक्कों का**



शिवपुरी। खबर कोलारस अनुविभागीय रन्नौद की हैं । जहां पुलिस ने चांदी के सिक्के बरामद किए हैं! बता दें कि बीते दिनों तेज बारिश के चलते नदी नाले उफान पर आ गए थे, तभी पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की ग्राम पचावली में नदी के किनारे चांदी के सिक्के निकल रहे हैं! मगर उस समय चांदी के सिक्के लूटने बाले गायब हो गये थे , तभी से रन्नौद पुलिस लगातार सर्च अभियान में जुटी थी , लेकिन आज जैसे ही जानकारी मिली कि चांदी के सिक्के लूटने बाले युवक अपने बिल से बाहर निकल आएं हैं तैसे ही सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी अंशुल गुप्ता रन्नौद, एएसआई बृजमोहन , एएसआई पाठक प्रधान आरक्षक सरदार सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए! करीब 29 चांदी के सिक्कों को जप्त कर लिया, पुलिस ने बताया कि चांदी के सिक्के पुरातत्व विभाग के लिए इन्वेस्टिगेशन बनेंगे, क्योंकि चांदी के सिक्के काफी पुराने हैं जिन पर विक्टोरिया महारानी, ईस्ट इंडिया, नामांकित हैं,तथा क्रमशः 1840,1862,1872,सन अंकित है , फिलहाल पुलिस ने सभी चांदी के सिक्कों को विधिवत विवेचना करते हुए जप्त कर के आगे की कार्रवाई के लिए अग्रसर कर दिए हैं! अभी इस बात का पता नहीं चल पाया कि आखिर यह चांदी के सिक्के आए कहां से! कहीं नदी नालों में कोई बड़ा खजाना तो नहीं आ गया, या कुछ और संभावनाएं तो नहीं है, इसके बारे में तो पुरातत्व विभाग ही जांच कर अनुमानित कीमत बात पायेगा ! लेकिन अभी भी ग्रामीण हर रोज नदी में चांदी के सिक्कों की खोज लगातार कर रहे हैं

# आजादी के अमृत महोत्सव फ्रीडम दौड में युवाओं ने लगाई दौड़



शिवपुरी। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को तात्याटोपे समाधि स्थल से फ्रीडम दौड़ का आयोजन किया गया। शिवपुरी पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने दौड़ को हरी झंडी दिखाई।इस मौके पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चन्देल, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, जिला संगठक एन.एस.एस. डॉ. श्याम सुन्दर खण्डेलवाल, मंगलम संस्था के जिनेन्द्र जैन, वरिष्ठ खिलाडी छोटे खान, खेल प्रशिक्षक प्रदीप रावत, उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र एस.एन.जयंत व अन्य उपस्थिति अतिथियों ने तात्याटोपे की समाधि स्थल पर माला एंव पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चन्देल ने युवाओं को दौड को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। इसके बाद राष्ट्रगान किया गया व मुख्य अतिथि राजेश सिंह चन्देल द्वारा युवाओं को शपथ दिलाकर दौड़ का शुभारम्भ किया गया। फ्रीडम दौड़ का प्रारम्भ तात्याटोपे के समाधि स्थल से नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर समापन किया गया। नेहरू युवा केन्द्र शिवपुरी के उप निदेशक एस.एन.जयंत ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र संगठन भारत सरकार द्वारा आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश के 744 जिलों के 75-75 ग्रामों में 13 अगस्त से 2 अक्टूबर तक फ्रीडम दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13 मार्च 2021 को अपने भाषण में आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में सम्पूर्ण देश में मनाये जाने की घोषणा की गई थी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम के युवा प्रतिभागिता करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगोष्ठियां व रैलियों का आयोजन भी किया जाएगा।

# पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओं प्रदूषण मिटाओं, वृक्ष धरती का श्रृंगार हैः शर्मा

शिवपुरी।



अखिल भारतीय ब्राहण महासभा (सनातन) जिला ईकाई शिवपुरी द्वारा जिला पंचायत कार्यालय के सामने ब्राहण प्याऊ के पास पोहरी रोढ़ पर पौधारोपण किया गया। सबसे पहले भगवान परशुराम के चित्र पर सामज के बुर्जग लक्ष्मीनारायण मुदगल एंव आर.डी.शर्मा ने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर पीपल व तुलसी की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अखिल भारतीय ब्राहण महासभा (सनातन) के जिलाध्यक्ष ने अपने उद्धवोधन में कहा कि धरती का श्रंगार वृक्ष है जीवन का आधार वृक्ष है आज वायु में गन्दगी है पानी दूषित है। भोजन दूषित है संस्कार दूषित है सोचिए मनन की जिये भारत में वायु प्रदूषण वे लगाम होकर जान लेवा हो गया है प्रकृति के नियमों की अबह लेना हो रही है। जिसका परिणाम अद्धुत बीमारियों (असाध्य रोग) पनप रहे है हम प्रकृति से सनिध्य में आये कुछ कर दिखाये प्रथम वायु प्रदूषण को रोके घर-घर रोढ़ दूरोढ़ वृक्षा रोपण करे जिससे शुद्ध वायु मिले जल भी शुद्ध होगा और आचार-विचार भी शुद्ध होगे। हमें 1 वृक्ष पीपल व बरगद का 2 लाख की आक्सीन 2 लाख पचास हजार रूपये का भूक्षरण 3 लाख का मिट्टी की आद्रता नियंत्रण 3 लाख पानी का पुनरावर्तन 5 लाख वायु प्रदूषण नियंत्रण दो लाख पचास हजार जीव जन्तु व पक्षिओं की शरण स्थली बीस हजार की जैविक प्रोटीन दो लाख पचास हजार की मानव को जढ़ी बूटिया प्रदान करता है। पं.चतुर्भुज (समाधिया) शर्मा ने इस मौके पर कहा कि एक वृक्ष दस पुत्र समान इसलिये पौधारोपण ए पवित्र सामाजिक एंव सांस्कृति कार्यक्रम है। ब्राहण समाज का यह कार्यक्रम आने वाली पीढ़ी का दिशा दर्शन देगी पौधारोपण में बरगद ,पीपल, नीम, वीलपत्र ,अनार ,आदि के पौधे लगाये उनकी सुरक्षा हेतु ट्रीगार्ड लगाये गये इस कार्यक्रम में अध्यक्ष पुरूषोत्तम कान्त शर्मा आर.डी.शर्मा,सन्तोष शर्मा, डॉ. जी.पी. विरथरे,गिर्राज चौधरी ,रामगोपाल शर्मा,लखन अवस्थी, रामस्वरूप मुदगल,चन्तभुज शर्मा,महावीर मुदगल,कुंचविहारी चतुर्वेदी,राजकुमार सडैया,राजू पिपरघार,महेन्द्र शर्मा,राजेन्द्र पाण्डेय, रामचरण शर्मा, केशव शर्मा, हरिओम चतुर्वेदी ,हरिओम शर्मा, सूर्या शर्मा, आदि विप्र बन्धु इस मौके पर उपस्थित रहे।

# कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने किया नरवर के ग्राम ख्यावदा और पनघटा का निरीक्षण, ग्रामीणों से की चर्चा







**शिवपुरी।** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल शुक्रवार को नरवर विकासखंड के भ्रमण पर निकले। उन्होंने नरवर के ग्राम ख्यावदा और पनघटा का निरीक्षण किया। वहां ग्रामीणों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनी।उल्लेखनीय है कि अतिवृष्टि बाढ़ आपदा के कारण नरवर क्षेत्र के कई गांव प्रभावित हुए हैं। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा है। शुक्रवार को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक बाढ़ प्रभावित गांव ख्यावदा और पनघटा में ग्रामीणों से मिले और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने बाढ़ के कारण हुए नुकसान का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित तहसीलदार और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने राहत सामग्री वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली। ग्रामीणों को बताया कि जिला प्रशासन की टीम राहत एवं बचाव कार्य में सक्रिय होकर काम कर रही है। ग्रामीणों की जो समस्याएं हैं उनका निराकरण किया जाएगा। टीम द्वारा सर्वे जारी है। ग्रामीणों का जो भी नुकसान हुआ है उन्हें शासन द्वारा प्रदान की जा रही मदद दी जाएगी।

# राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की स्मृति में लगीं 10000 वैक्सीनः कु. शिवानी राठौर







शिवपुरी।

राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जी की स्मृति में लगाए जा रहे हैं वेक्सीनेशन शिविर में 13 अगस्त को उनकी 383 वी जयंती समाजसेवी कु.शिवानी राठौर शुभम राठौर एवं अमन राठौर द्वारा गर्ल्स स्कूल कोर्ट रोड पर मनाई गई। इस अवसर पर डॉक्टर ए एल शर्मा सीएमएचओ, अरविंद बाजपेई एसडीएम, माखनलाल राठौर पूर्व विधायक,हरिओम राठौर बतासे वाले रवि राठौर मगरोंनी वाले, प्रशांत राठौर , बृजेंद्र राठौर , देवेंद्र राठौर पंकज राठौर फूलवती धाकड़ शाहिल कुरेशी, रामलाल जाटव, आकाश आदिवासी एवं राठौर समाज के अन्य सामाजिक बंधुओं के साथ स्वलपाहार एवं केक काटकर सभी को शुभकामनाएं दी गई। राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जी की स्मृति में आयोजित वैक्सीनेशन कैंप में अब तक लगभग 10000 लोगों को वैक्सीन लगाकर लाभान्वित किया गया है। कु. शिवानी राठौर समाजसेवी ने जानकारी देते हुए बताया की राष्ट्वीर दुर्गादास राठौर की स्मृति में अब तक लगभग 30 शिविर आयोजित हो चुके हैं। इन शिविरों में कोवैक्सीन एवं कोविडशील्ड के पहले और दूसरे डोज मिलाकर लगभग 10,000 डोज आम जनता को लगाए जा चुके हैं।राष्ट्वीर दुर्गादास राठौर की स्मृति में आयोजित कैंप की शुरुआत एसएनवी हायर सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल मनियर शिवपुरी से की गई। राष्ट्वीर दुर्गादास राठौर की स्मृति में छावनी स्कूल, कन्या उच्चतर हायर सेकेंडरी स्कूल कोर्ट रोड शिवपुरी एवं कन्या माध्यमिक विद्यालय कोर्ट रोड शिवपुरी पर लगातार वैक्सीनेशन शिविर चल रहे हैं। इस शिविर को संचालन करने में अस्पताल प्रशासन, जिला प्रशासन वी एल ओ तथा नगर पालिका प्रशासन का सहयोग लगातार प्राप्त हो रहा है। राष्ट्वीर दुर्गादास राठौर वैक्सीनेशन कैंप में शिवपुरी के जनप्रतिनिधि के साथ-साथ अधिकारियों का आगमन भी बना रहा है। जिनमें प्रमुख रूप से माखनलाल राठौर पूर्व विधायक, पहलाद भारती पूर्व विधायक, पंडित श्री प्रकाश शर्मा जिलाध्यक्ष, जिला कलेक्टर, एसडीएम, सीएमओ, सीएचएमओ के साथ अन्य भी शहर के गणमान्य नागरिक इस शिविर का निरीक्षण कर चुके हैं। इस शिविर के संचालन में कु.शिवानी राठौर के साथ शुभम राठौर,अमन राठौर की सक्रिय भुमिका रही है। कु.शिवानी राठौर ने बताया कि यह शिविर जनता के हित में लगातार चलता रहेगा। इस शिविर में आम जनता वैक्सीनेशन का लाभ लेकर कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकती है।

# मेडीकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ वर्मा की पत्नि रिंकी वर्मा ने मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में पांचवा स्थान किया प्राप्त

शिवपुरी।



गुरूग्राम के होटल हयात रीजेंसी में आयोजित मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में मेडीकल कॉलेज शिवपुरी के अधीक्षक डॉ. केवी वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमति रिंकी वर्मा विजेता तो नहीं बन सकी। लेकिन प्रतियोगिता में उन्होंने ऑल इंडिया रैङ्क्षकंग प्रतियोगिता में पांचवा स्थान हांसिल किया अपनी इस उपलब्धि पर वह बहुत खुश हैं और उन्हें पुरूस्कार के रूप में क्राउन तथा सर्टिफिकेट दिया गया है।श्रीमति रिंकी वर्मा ने बताया कि बचपन से ही उनके मन में मिस इंडिया बनने की इच्छा थी। ऐश्वर्या राय और सुष्मिता सैन के फोटो समाचार पत्रों में छपते थे, तो उन्हें भी लगता था कि वह भी मिस इंडिया बन सकती हैं। लेकिन इसी बीच उनकी शादी डॉ. केवी वर्मा से हो गई और उन्होंने अपने पति से अपनी इच्छा को जाहिर किया तो उनके पति ने कहा कि तुम अभी भी मिसेज इंडिया बन सकती हो, उन्होंने मेरा लगातार उत्साह बढ़ाया। इसके बाद मेरे दो बेटे हो गए और डिलेवरी के पश्चात मेरा बजन बढ़ गया। लेकिन बजन बड़ा होने के कारण मैं प्रतियोगिता में आगे नहीं जा सकी। इसके बाद मैंने अपना बजन कम करने का निर्णय लिया और अपने पति द्वारा बताई गई टिप्स पर काम किया। जिससे मेरा बजन 10 किलो घट गया। इससे मेरा आत्मविश्वास भी मजबूत हुआ। उसी दौरान एमआईक्यूएस द्वारा जब मिसेज इंडिया प्रतियोगिता की घोषणा हुई तो मैंने भी उसमें भाग लिया। प्रतियोगिता में फिल्म स्टार अमन वर्मा और महिमा चौधरी ने उनसे कई सवाल जबाव भी दिए। श्रीमति रिंकी वर्मा ने बताया कि अब उनका सपना इंटरनेशनल मिसेज प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधत्व करने का है।

# जीवन की अंतिम सांस तक करूंगा सेवा, बहनों की मदद करो तो पूर्व विधायक को होता है कष्ट : संजू

### सर्किट हाउस में बैठकर पूर्व विधायक ने बाढ़ में अपना सबकुछ गवां बैठे पीड़ितों का मजाक उड़ाया

भिण्ड। बाढ़ की त्रासदी ने नदी किनारे रहने वाले लोगों का सबकुछ छीन लिया है। बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए मैं और मेरा परिवार हमेशा तत्पर रहूंगा। अपने जीवन की अंतिम सांस तक सेवा करूंगा। बहनों की मदद करने पर पूर्व विधायक के पेट में दर्द हो रहा है। बहनों की मदद से उन्हें हमेशा से कष्ट होता आया है। उन्हें पहले भी बहनें मजा चखा चुकी हैं और आगे भी सबक सिखाएंगीं। यह बात भिंड विधायक संजीव सिंह संजू ने कही। विधायक ने कहा कि बहनों के स्नेह के लिए वे हमेशा उनके ऋणि रहेंगे।

### पूर्व विधायक ने बाढ़ पीड़ितों का मजाक उड़ाया

विधायक संजीव सिंह संजू ने कहा बाढ़ त्रासदी से पीड़ित लोगों की सेवा के लिए वे और उनका परिवार समर्पित हैं। उन्होंने कहा वे बाढ़ पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भोपाल में मिले तब भी परिवार ने प्रभावितों की सेवा का क्रम नहीं टूटने दिया। पिता पूर्व सांसद डा. रामलखन सिंह, चाचा रवींद्र सिंह रवि बाढ़ पीड़ितों के बीच में रहकर उनका दर्द बांटते रहे। वहीं पूर्व विधायक को शर्म आनी चाहिए कि वे बाढ़ में सबकुछ लुटा चुके लोगों की फिक्र छोड़कर सर्किट हाउस में अपनी राजनीति चमकाने के लिए बैठे। विधायक ने नसीहत देते हुए कहा यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि प्रभावित लोगों, परिवारों की मदद का है। विधायक ने कहा कि यह बात बहुत तकलीफदेह है कि पूर्व विधायक को जिले के बाढ़ पीड़ितों के लिए 500 करोड़ का विशेष पैकेज मांगने पर भी आपत्ति है। उन्होंने कहा कि इस तरह पूर्व विधायक ने बाढ़ प्रभावितों का मजाक उड़ाया है। वे इसके लिए माफी मांगें।

### राहत सामग्री पर नजर नहीं गड़ा पाएंगे

विधायक संजीव सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक का इतिहास सभी जानते हैं। हमेशा से जनता को बांटे जाने वाला पीडीएस डकारने की नीयत रही है। यही नीयत बाढ़ पीड़ितों के लिए आई राहत सामग्री को लेकर नजर आ रही है। विधायक ने कहा कि पूर्व विधायक हों या कोई भी वे बाढ़ प्रभावितों के लिए आने वाली राहत सामग्री पर किसी को नजरें नहीं गड़ानें देंगे। विधायक ने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान राहत सामग्री सही हाथों में पहुंचाकर पीड़ितों का दर्द बांट रहे हैं, लेकिन पूर्व विधायक को इससे भी कष्ट हो रहा है। विधायक ने कहा कि आपदा के समय में जनप्रतिनिध होने से उनकी जिम्मदारी है कि मुख्यमंत्री की ओर से आ रही राहत सामग्री को सही हाथों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि किसी के पेट में कितना भी दर्द उठे, वे राहत सामग्री वितरण पर पूरी निगरानी रखेंगे। लोगों को उनका हक दिलाने के लिए रात-दिन एक कर देंगे।



### शहर से माफी मांगकर प्रायश्चित करें पूर्व विधायक

विधायक संजीव सिंह संजू ने कहा पूर्व विधायक ने सर्किट हाउस में खुद कबूल कर लिया कि सीवरेज प्रोजेक्ट की वजह से शहर में जो बदहाली है, उसके लिए वे खुद दोषी हैं। विधायक ने कहा कि पूर्व विधायक इसके साथ ही शहर के लोगों से माफी मांगकर प्राश्चित कर लेते तो ज्यादा अच्छा होता। विधायक ने कहा कि कमीशनखोरी के चलते सीवरजे प्रोजेक्ट में कई ऐसी शर्तें जुड़वाई गई, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ी है। यह कमीशनखोरी के बजाए सेवा पर ध्यान देते तो आज ऐसे हालात नहीं होते। विधायक ने कहा कि वे रात-दिन एक कर शहर के विकास में लगे हैं। इसका बड़ा उदाहरण सुभाषचंद्र बोस तिराहा से इंदिरा गांधी चौराहा तक की सड़क है। यह सड़क पूर्व में भी बनी थी, लेकिन तब पूर्व विधायक ने अपने लालच के चलते गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया था। अब यह शहर की सबसे अच्छी सड़क है। उन्होंने कहा महावीर गंज में बनाई गई सड़क का डिवाइडर पूर्व विधायक के समय कमीशनखोरी कार्यकाल का सबसे बड़ा उदाहरण है।

### भिंड को पूरे प्रदेश में किया था शर्मसार

विधायक संजीव सिंह संजू ने कहा भिंड को हमेशा यहां के वीर सैनिकों, देश की रक्षा में कुर्बान होने वाले जवानों की शहादत से जाना जाता है, लेकिन पूर्व विधायक ने भिंड को प्रदेश देश और प्रदेश में कई बार शर्मशार किया है। उन्होंने कहा कि रेत कारोबारी से अवैध रूप से धन वसूली का उनका आडियो पूरे देश और प्रदेश से सुना है। फिर भी इन्हें कोई शर्म नहीं आती है। भिंड की बहनों, युवाओं की मदद से इन्हें हमेशा से कष्ट होता आया है।

## भिण्ड विधानसभा का प्रत्येक व्यक्ति मेरा परिवार : संजीव सिंह

भिण्ड। प्रतिदिन की भांति शुक्रवार को भी विधायक संजीव सिंह बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे। उन्होंने ककाहरा, जखमौली एवं अन्य बाढ़ ग्रसित ग्रामों की स्थिति देखी एवं जनता से रूबरू हुए। इस दौरान पीड़ितों की समस्याएं सुनी जिनका दूरभाष के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में विधायक श्री कुशवाह द्वारा शासन से प्राप्त 50 किग्रा. कट्टा आटा प्रत्येक परिवार को वितरित करवाया एवं बहनों को साड़ियां बांटी। विधायक श्री कुशवाह के प्रयासों से शासन द्वारा प्राप्त राशन सामाग्री लेते हुए पीड़ित खुश नजर आए। इस अवसर पर विधायक संजीव सिंह ने कहा कि मेरी विधानसभा का प्रत्येक व्यक्ति मेरा परिवार है। मैं अपने परिवारजनों की पीड़ा नहीं देख सकता। चुंकि प्राकृतिक आपदा ने घर-गृहस्थी बर्वाद कर दी, निश्चित तौर पर जल्द ही सभी को मूलभूत सुविधाओं पूर्ण कराकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करवाऊंगा। जिससे सभी बाढ़ पीड़ित परिजन जल्द अपने घरों में होंगे। विधायक श्री कुशवाह के द्वारा जखमौली और ककाहरा में 558 पैकेट कट्टा आटा वितरण किया गया।

## कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य में होगा ध्वजारोहण, मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम जारी

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के मुख्य आतिथ्य में स्वतंत्रता दिवस-15 अगस्त 2021 के अवसर पर जिला मुख्यालय भिण्ड के पुलिस परेड ग्राउण्ड के मुख्य समारोह में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड के निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2021 हेतु मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम जारी कर दिया है। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में प्रातः8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रातः9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, प्रातः9.05 बजे परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद प्रातः 9.10 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन करेंगे। प्रातः 9.40 बजे मार्च पास्ट, प्रातः 9.45 बजे मुख्य अतिथि द्वारा अधिकारी/कर्मचारियों को पुरूस्कार वितरण करेंगे।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने पुलिस परेड ग्राउण्ड पर स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के लिए मिनट-टू-मिनट कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न प्रकार की तैयारियों को पूर्ण किया जा चुका है। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउड पर 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में सशस्त्र पुलिस बल, जिला पुलिस बल, जिला पुलिस बल महिला, होमगार्ड आदि की आकर्षक एवं मनोहारी परेड का प्रदर्शन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम रिहर्सल का कार्य पूरा किया जा चुका है। 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस समारोह शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही मनाया जाएगा। यह रूपरेखा नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) को ध्यान में रखते हुये जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत और जनपद पंचायत में जिला/जनपद पंचायत अध्यक्ष/प्रशासनिक समिति के प्रधान द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और कार्यक्रम में राष्ट्रगान गाया जाएगा। ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच/प्रशासनिक समिति के प्रधान द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और कार्यक्रम में राष्ट्रगान गाया जाएगा। ऐसे जनपद/ग्राम पंचायत जहां निर्वाचित अध्यक्ष/प्रशासनिक समिति के प्रधान उपलब्ध नहीं होने की दशा में कार्यालय प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। नगर पालिका/नगर परिषद कार्यालय में अध्यक्ष (जहां निर्वाचित अध्यक्ष कार्यरत हैं) द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। शेष नगरीय निकायों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कहा कि 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। कार्यालय प्रमुख प्रातः 8 बजे अपने विभाग के अधिकारी/कर्मचारी को एकत्रित कर कार्यालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएं और इस अवसर पर राष्ट्रगान गाया जाए। सभी शिक्षण संस्थाओं में पूर्व वर्षो की भांति प्रातः 8 बजे या इसके पूर्व ध्वजारोहण व राष्ट्रगान का सामूहिक गान किया जाए, किंतु स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को शामिल नहीं करें। कार्यक्रम स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा की आवश्यक व्यवस्था अनिवार्य रूप से करें और हैण्ड सेनेटाइजर, मास्क एवं सामाजिक दूरी आदि का विशेष ध्यान रखें। जिले में स्थित मुख्य सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारतों में 14 व 15 अगस्त की रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था करें। कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों और जिले के लोकतंत्र सेनानियों को उनके घर जाकर शाल, श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। भारत सरकार, गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के संबंध में जारी सभी दिशा-निर्देशों एवं राज्य शासन द्वारा समय-

## चंबल कमिश्नर ने मेहगांव बाढ प्रभावित ग्राम सांदुरी का किया निरीक्षण

भिण्ड । चंबल कमिश्नर आशीष सक्सेना ने आज भिण्ड जिले के मेहगांव पहुँच बाढ़ प्रभावित ग्राम सादुरी का निरीक्षण कर, चल रहे बाढ़ राहत कार्य की जानकारी लेने के साथ बाढ़ क्षति हेतु किए जा रहे सर्वे कार्य का भी अवलोकन किया। चंबल कमिश्नर आशीष सक्सैना ने सर्वे कार्य को तेजी से कर प्रभावित परिवारों को विधि अनुसार सहायता प्रदान करने निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणजनो से भी चर्चा की।



## कलेक्टर ने जिला अन्तर्गत बाढ से अत्यधिक प्रभावित हुए 67 गांव

### राहत सामग्री, राशन वितरण आदि व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

भिण्ड । जिला अन्तर्गत विगत कई दिनो से लगातार हुई बर्षा एवं नदियो में आई बाढ के कारण जिले के अत्यधिक प्रभावित हुए 67 गांवो में राहत राषि, राहत सामग्री, राशन वितरण आदि व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा उक्त ग्रामों के लिए नोडल अधिकारियों को नियुक्त कर दिए है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिन ग्रामों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है उनमें तहसील अटेर अन्तर्गत ग्राम मुकुटपुरा के लिए जनपद पंचायत अटेर के उपयंत्री लोकेन्द्र वर्मा, ग्राम नावली वृन्द्रावन के लिए उपयंत्री हरेन्द्र सिंह, खेराहट के लिए उपयंत्री पवन श्रीवास, नखलोली मढैयन के लिए उपयंत्री जगदीश नरवरिया, आंतो के लिए परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास अटेर राहुल गुप्ता, ग्राम दिन्नपुरा के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना बरोही के परियोजना अधिकारी परूशराम शर्मा, ग्राम कोषण की मढैया के लिए जिला प्रबंधक, जिला पंचायत शैलेन्द्र कुमार समुन्द्रे, ग्राम कछपुरा के लिए जिला प्रबंधक जयप्रकाश बरूआ, ग्राम देवाला के लिए जिला समन्वयक राकेश खरे, ग्राम रमा कोट के लिए परियोजना अधिकारी जिला पंचायत नितिन दुबे, ग्राम कोषण के लिए परियोजना अधिकारी श्याम मोहन श्रीवास्तव, ग्राम चिलोंगा के लिए जिला परि.प्रबंधक रामनिवास कालेश्वर, ग्राम तरसोखर के लिए जिला शिक्षा केन्द्र के उपयंत्री रज्जाक मोहम्मद खांन, ग्राम नावली हार के लिए उपयंत्री रविन्द्र नारायण दीक्षित, ग्राम आकोन के लिए उपयंत्री रामरूप नरवरिया, ग्राम अहरोली काली के लिए उपयंत्री ओमप्रकाश शर्मा, ग्राम चौम्हो के लिए उपयंत्री रामदत्त सेनी को नियुक्त किया गया है। तहसील भिण्ड अन्तर्गत ग्राम टेहनगुर के लिए जिला शिक्षा केन्द्र भिण्ड के उपयंत्री रविशंकर शर्मा, ग्राम जखमोली के लिए उपयंत्री नारायण सिंह नरवरिया, ग्राम खेरा श्यामपुरा के लिए उपयंत्री राजेन्द्र सिंह बरसेना, ग्राम ककहरा के लिए उपयंत्री ओमभगवती तिवारी, ग्राम द्वार मजरा दाह का पुरा के लिए उपयंत्री रामवीर सिंह कुषवाह, ग्राम चिन्हाई के लिए उपयंत्री सत्यपाल सिंह कुशवाह, ग्राम ज्ञानपुरा के लिए उपयंत्री शिवपाल सिंह, ग्राम बरही के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग भिण्ड के उपयंत्री रोहित उनिया, तहसील लहार अन्तर्गत ग्राम गिरवासा के लिए ग्रा.यां.से.संभाग ज.पं.लहार के उपयंत्री रविन्द्र सिंह परिहार, ग्राम ढीमरन का पुरा के लिए उपयंत्री उमेश तिवारी, ग्राम सिजरोली के लिए उपयंत्री आनंद सिंह चौहान, ग्राम बेंडा के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना लहार के पर्यवेक्षक अरूण मौर्य, ग्राम अजनार के लिए जनपद पंचायत लहार के उपयंत्री संजय कुमार खरे, ग्राम लगदुआ के लिए उपयंत्री लोकेन्द्र सिंह जाट, ग्राम लिलवारी के लिए म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा.ई.02 के उपयंत्री ब्रजबिहारी राजपूत, ग्राम मढोरी के लिए उपयंत्री मादवेन्द्र सिंह सिकरवार, ग्राम पर्रायच के लिए म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा.ई.01 के अजयप्रताप सिंह तोमर, ग्राम रोहानी सींगपुरा के लिए राजेश कुमार श्रीवास, ग्राम बराहा के लिए सिद्वात राजपूत, ग्राम बरूआ के लिए ग्रा.या.से.सं.भिण्ड के उपयंत्री दीपक गर्ग, ग्राम महुआ के लिए उपयंत्री कपिल कुमार को नियुक्त किया गया है। इसीप्रकार तहसील मिहोना के ग्राम दौहर के लिए ग्रा.यां.से.भिण्ड के उपयंत्री विवेक अग्रवाल, ग्राम मटियावली खुर्द के लिए उपयंत्री शैलेन्द्र सिंह तोमर, ग्राम मटियावली छोटी के लिए जपं.गोहद के उपयंत्री राजेश उपाध्याय, ग्राम मटियावली बडी के लिए उपयंत्री जितेन्द्र सिंह तोमर, ग्राम बडेत्तर के लिए जनपद षिक्षा केन्द्र रौन के ब्लॉक एमआईएस कॉर्डिनेटर रघुराज सिंह तोमर, तहसील रौन अन्तर्गत ग्राम कोंध की मढैया के लिए जनपद पंचायत रौन के ब्लॉक समन्वयक नरेश मौर्य, ग्राम मडवारी छोटी एवं बडी के लिए ब्लॉक समन्वयक प्रशांत गोस्वामी, ग्राम इंदुर्खी के लिए जनपद पंचायत मेहगांव के उपयंत्री मनरेगा पीएन गोयल, ग्राम हिलगवां के लिए उपयंत्री मनरेगा सतेन्द्र शर्मा, ग्राम पडोरा के लिए जनपद पंचायत गोहद के उपयंत्री मनरेगा अनिल श्रीवास्तव, ग्राम दोहई के लिए उपयंत्री मनरेगा केएल शाक्य, ग्राम कुसमारिया के लिए परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना लहार अजयदेव जाटव, ग्राम बिछौली के लिए जनपद पंचायत मेहगांव के उपयंत्री राघवेन्द्र पचौरी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## स्वतंत्रता दिवस के आयोजन की फाइनल रिहर्सल आयोजित

### कलेक्टर एवं एसपी ने रिहर्सल का किया निरीक्षण

भिण्ड । 15 अगस्त 2021 स्वतंत्रता दिवस जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड भिण्ड में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की फाइनल रिहर्सल का शुक्रवार को कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान कोविड-19 की गाइड लाइन के अनुरूप प्रारंभिक तैयारियों से लेकर अंतिम चरणों तक होने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रमों की रूपरेखा देखी गई। इस दौरान मुख्य कार्यक्रम का रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि का आगमन, उनके द्वारा ध्वजारोहण, सलामी एवं राष्ट्रगान, परेड का निरीक्षण, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, हर्ष फायर, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डर एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय आदि गतिविधियों को अंतिम रूप दिया गया। कलेक्टर एवं एसपी ने संबंधित अधिकारियों को समारोह के गरिमामय आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी/



## बाढ़ से प्रभावितों को दी जाने वाली राहत के कार्यो में तेजी लाए :चंबल कमिश्नर



### वर्चुअल मीटिंग लेकर कलेक्टर को दिए दिशा निर्देश

भिण्ड । चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने चंबल-ग्वालियर संभाग के कलेक्टरों को निर्देश दिये है कि बाढ से प्रभावितों को दी जाने वाली राहत के कार्यो में तेजी लायें। फसल सर्वे के कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करें। चंबल कमिश्नर आशीष सक्सेना शुक्रवार को वर्चुअल मीटिंग लेकर कलेक्टरों को निर्देश दे रहे थे। भिण्ड कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बताया कि बाढ में आंशिक नुकसान ज्यादा है। वास्तविक क्षति का आकंलन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जहां लोग दूसरी जगह शिफ्ट होना चाहते है। उनके लिए जगह चिन्हित की जा रही है। ऐसे लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि बाढ का सर्वे कार्य चल रहा है। तात्कालीक राहत राशि का वितरण भी जारी है। कमिश्नर आशीष सक्सेना ने कलेक्टरों सहित सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे राजस्व परिपत्र अधिनियम 6(4) के नियमों के तहत ही राहत राशि का वितरण करें। नियमों को अच्छी तरह से पढ़ ले, समझ ले। उन्होने बाढ़ प्रभावित कार्यो में लगे अधिकारी/कर्मचारियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में आम जनता के सहयोग से अधिकारी/कर्मचारियों ने बहुत मेहनत की है, वे सभी बधाई के पात्र है। में उनके कार्यो की सराहना करता हूँ।

कमिश्नर ने कहा कि राहत राशि का वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जावे। फसल सर्वे का सबसे पहली प्राथमिकता दी जावे। अन्य क्षतिग्रस्त ग्रामों का भी सर्वे प्राथमिकता के साथ जितनी जल्दी हो सके। लोगों में किसी भी तरह का आक्रोश नही बढ़ना चाहिए। जिन जिलों में खाद्यान वितरण नही हुआ है। वहां शीघ्र कैम्प लगाकर राहत राशि, खाद्यान वितरण का वितरण सुनिश्चित करें। जो गांव सर्वे से छूट गए है। उनका सर्वे भी शीघ्र करे। कमिश्नर ने कलेक्टरों से कहा कि जिन तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों के स्थानांतरण आपके जिलो में हुए है, उन्हे तत्काल जोइंन कराये। जोइन नहीं करने की स्थिति में मुझे बताये। राहत कार्यो में किसी भी तरह का विलम्ब नही होना चाहिए। जिन पशुओं का पोस्ट मार्डम हो चुका है, उन्हे तत्काल राहत राशि दी जावे।

## नप गोहद में सफाई कर्मचारीयों का शोषण बंद हुआ नही हुआ,तो अनिश्चितकालीन सफाई कामबंद हड़ताल करेंगे : एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि

गोहद। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन तथा ह्यूमन राइट्स एंड लेवर वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने नगरपालिका परिषद गोहद में सफाई कर्मचारीयों का शोषण बंद करने एवं सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों का निराकरण करने के लिए सीएमओ सतीश कुमार दुबे को ज्ञापन सौंपकर नारेबाजी की । राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने बताया है कि अगस्त माह में नगरपालिका गोहद सीएमओ ने लगभग 60 सफाई कर्मचारीयों को बिना किसी कारण से हटा दिया है जिससे सफाई कर्मचारीयों के परिवारों की आर्थिक स्थिति गड़बड़ा गई है गोहद नगर की जनसंख्या को देखते हुए लगभग 200 सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है जबकि नगरपालिका गोहद में लगभग 110 सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं सफाई कर्मचारीयों को हटाने से कार्यरत सफाई कर्मचारीयों पर कार्य का अतिरिक्त भार बढ़ रहा है तथा नगरपालिका गोहद में पदस्थ 7 सफाई मेठो को हटाकर उन्हें झाडू के कार्य पर लगा दिया है जबकि शासन के नियमानुसार वरिष्ठ सफाई कर्मचारी को ही सफाई मेठ के पद पर रख सकते हैं लेकिन नगरपालिका गोहद के अधिकारियों द्वारा मनमानी कर सफाई कर्मचारीयों का शोषण किया जा रहा है जिसे यूनियन द्वारा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि 5 दिवस में हटाये गये सफाई कर्मचारीयों एवं सफाई मेठो को पुनः कार्य पर नहीं रखा गया तो यूनियन द्वारा उच्च अधिकारियों से शिकायत कर जन आंदोलन किया जाएगा एवं अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल की जाएगी। जिसकी जबावदारी निकाय प्रशासन गोहद एवं जिला प्रशासन भिंड की होगी इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव रूपेश पाथरे प्रदेश मीडिया प्रभारी रजत बंटी पाथरे, सुनिल पाथरे, समीर खांन, प्रकाश, जीतू, आदि सैकड़ों सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।



## विपक्ष को क्या हासिल

अंततः लोकसभा का मानसून सत्र दो दिन पहले ही खत्म हो गया। हंगामे और शोरशराबे के बीच यह सत्र कई मायनों में याद जरूर किया जाएगा। 17वीं लोकसभा की छठी बैठक 19 जुलाई 2021 को शुरू हुई। इस दौरान 17 बैठकों में 21 घंटे 14 मिनट कामकाज हुआ। हंगामे के कारण 96 घंटे में से करीब 74 घंटे कामकाज नहीं हो सका। कुल 20 बिल पास हुए। इस दौरान ओबीसी से संबंधित संविधान (127वां संशोधन) विधेयक सहित कुल 20 विधेयक पारित किए गए। चार नए सदस्यों ने शपथ ली। संसद का मानसून सत्र 19 जुलाई से शुरू हुआ, जिसे 13 अगस्त को समाप्त होना था। सेशन के दौरान पेगासस जासूसी मामला और केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों और दूसरे मुद्दों पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के कारण कामकाज बाधित रहा। सरकार ने हंगामे के बीच ही कई विधेयकों को पारित कराया। यह सत्र सरकार के नजरिए से बेहतर जरूर साबित हुआ है, मगर विपक्ष के नजरिए से यह सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा। पूरे सत्र के दौरान विपक्ष गच्चा खा गया। पहले दिन से पेगासस जासूसी कांड और कृषि कानूनों को लेकर विपक्ष का जो हंगामा शुरू हुआ, वह आखिरी दिन तक जारी रहा। इन 17 दिनों में विपक्ष एक बार भी जनता के हितों की बात करना भूल गया। बेरोजगारी, कोरोना की दूसरी लहर, महंगाई, पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम पेगासस के आगे फीके पड़ गए। अगर विपक्ष इन मुद्दों के साथ संसद को ठप करता तो शायद जनता का समर्थन हासिल कर लेता। मगर वह सिर्फ अपने हितों की बात करता रह गया। पेगासस हो या कृषि कानून इनका आम जनता से सीधा संबंध नहीं है, अब विपक्ष जनता के बीच जाएगा तो वहां भी उसे समर्थन मिलने वाला नहीं है। दरअसल, विपक्ष ने पूरे सत्र के दौरान जो किया, वैसा सरकार भी चाहती थी। पेगासस का मुद्दा सरकार के लिए फायदे का सौदा साबित हुआ। अगर बेरोजगारी, कोरोना की दूसरी लहर, महंगाई, पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम पर विपक्ष सरकार को घेरता तो बाहर से जनता का समर्थन भी मिलता। इन मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। जनता से लगातार विपक्ष की दूरियां बढ़ रही हैं। पेगासस पर अपने हितों की बात कर उसने इस दूरी को और भी बढ़ा लिया है। विपक्ष कह रहा है कि उसने जनता के हितों को ही उठाया है, लेकिन वह यह बताने की स्थिति में नहीं है कि कैसे? जनता उससे सवाल पूछेगी कि उसके टैक्स में दिए गए करोड़ों रुपए अपने हितों पर क्यों खर्च कर दिए गए। आखिर पेगासस और कृषि कानूनों से जनता को क्या वास्ता। अगर होता, तो किसान कभी का अपने घर लौट चुके होते। माना कि संसद में सरकार से सवाल करने का अधिकार विपक्ष को है, मगर ऐसे सवाल जिनका कोई आधार ही नहीं है, वे क्यों। अब जबकि यह सत्र गुजर चुका है तो अगले सत्र के लिए विपक्ष को नए सिरे से अपनी बात कहनी ही चाहिए। सदन में विपक्ष के हंगामे पर बोलते हुए राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर की बेअदबी होने से वे रातभर सो नहीं पाए। कल सदन में जो कुछ हुआ, वह लोकतंत्र के खिलाफ है। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंदिर होता है और इसकी पवित्रता पर आंच नहीं आने देना चाहिए।

# 'धर्म', धर्म स्थलों के हमलावरों का?

**तनवीर जाफ़री**

पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त के ज़िले डेरा रहीम यार ख़ान के भोंग शरीफ़ नामक इलाक़े में स्थित एक गणेश मंदिर पर स्वयं को गर्व से मुसलमान कहलवाने वाले कुछ असामाजिक शरारती तत्वों ने गत 5 अगस्त को तोड़ फोड़ की और मंदिर को क्षति पहुंचाई। स्थानीय प्रशासन द्वारा इस घटना का कारण इससे पहले 23 जुलाई को इलाक़े की एक घटना बताई जा रही है जिसमें कथित तौर पर हिन्दू समुदाय के एक आठ साल के बचे ने स्थानीय मदरसे की एक लाइब्रेरी में पेशाब कर दिया था। इसके बाद मदरसा प्रशासन ने ईशनिंदा का आरोप लगाते हुए गत 2 4 जुलाई को उस आठ साल के बचे के विरुद्ध 295ए के तहत मामला दर्ज किया गया था । पाकिस्तान में ईशनिंदा कानून और इसमें सज़ा का प्रावधान अत्यंत कठोर है। इसमें 295ए के तहत 10 साल तक के दंड का प्रावधान है,जबकि 295-बी के तहत उम्र कैद की सज़ा व धारा 295-सी के अंतर्गत फांसी तक हो सकती है। भोंग शरीफ़ की स्थानीय पुलिस द्वारा 295ए के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बाद उस बचे को गिरफ़्तार कर लिया गया था। पुलिस ने तफ़्तीश के बाद जब यह पाया कि चूँकि आरोपी बचा नाबालिग़ है इसलिए उसे 295 ए की धारा के अंतर्गत सख़्त सज़ा नहीं दी जा सकती लिहाज़ा इसी पुलिस रिपोर्ट के आधार पर मजिस्ट्रेट ने उस आरोपी नाबालिग़ बचे को 28 जुलाई को ज़मानत पर रिहा करने का आदेश दे दिया। इस पूरे प्रकरण में गणेश भगवान या किसी हिन्दू मंदिर की क्या भूमिका है उसका क्या दोष है यह बात समझ से परे है। परन्तु जिस पुलिस प्रशासन ने उस बचे के नाबालिग़ होने की पुष्टि अदालत में की वे भी मुसलमान थे और जिस वकील ने उस बचे की अदालत में पैरवी की वह भी मुसलमान ,और अदालत के जिस दंडाधिकारी ने बचे को ज़मानत पर रिहा करने का आदेश दिया वह भी मुसलमान। परन्तु पुलिस व अदालत के इन पढ़े लिखे मुसलमान लोगों को अपने धर्म पर न कोई ख़तरा मंडराता नज़र आया न ही अल्लाह का किसी तरह का अपमान महसूस हुआ। निश्चित रूप से तभी इस वर्ग ने अपने वास्तविक धर्म व कर्तव्य का परिचय देते हुए बचे को रिहा करने की राह हमवार की।

परन्तु आश्चर्य का विषय है कि मुट्ठी भर अशिक्षित,अतिवादी व रूढ़िवादी सोच वाले कुछ लोगों ने इस पूरे प्रकरण का गुस्सा गणेश मंदिर पर हमला करके उतारा। यदि इस अतिवादी वर्ग को या इसे उकसाने वालों को बचे की रिहाई से तकलीफ़ थी तो वे अपना गुस्सा पुलिस थाने या अदालत पर इसी तरह से तोड़ फोड़ या आक्रमण कर उतार सकते थे। परन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि ये चतुर व शातिर असामाजिक तत्व जानते हैं कि इसका अन्जाम क्या हो सकता है। लिहाज़ा इन्होंने हिन्दू अल्पसंख्यक समुदाय के आराधना स्थल गणेश मंदिर जैसा साफ़्ट टारगेट चुना। तो क्या किसी अल्पसंख्य समाज के धर्मस्थल को अपवित्र व अपमानित करना तथा उसकी अस्मिता को चोट पहुँचाना किसी भी धर्म की शिक्षा या संस्कारी कृत्य कहा जा सकता है ? क्या इसी तरह के बुद्धिहीन अतिवादियों ने ही धर्म ध्वजा हाथों में संभाल रखी है ? छोटे बचे या बुज़ुर्ग लोग किसी को भी मूत्र विसर्जन जैसी प्रकृतिक स्थिति का सामना कहीं भी करना पड़ सकता है। मूत्र विसर्जन का किसी धर्म या धर्मस्थल से क्या वास्ता ? बचे को तो मुआफ़ कर देना ही सज़ा देने से भी बड़ा धर्म है। इस्लाम धर्म के जिस शरीया क़ानूनों में सख़्त से सख़्त सज़ाओं का ज़िक्र है वहां भी सबसे पहली मुआफ़ करने की ही हिदायत दी गयी है।

परन्तु पाकिस्तान का वह कट्टरपंथी समाज जिसे न तो धर्म का ज्ञान है न ही उसके मर्म का वह आए दिन इस तरह की हरकतें करता रहता है। केवल मंदिर ही नहीं बल्कि इन कट्टरपंथियों की विचारधारा से भिन्न मत रखने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों विशेषकर शिया,हज़ारा,अहमदिया तथा ईसाई व सिख समुदाय से संबद्ध मस्जिदों,दरगाहों,इमाम बारगाहों,चर्चों तथा गुरद्वारों तथा इनके जुलूसों पर भी



बड़े से बड़े यहाँ तक कि आत्मघाती हमले तक होते रहे हैं। 4 जनवरी 2011 को इसी ज़हरीली विचारधारा रखने वाले मुमताज़ क़ादरी नाम के एक कट्टरपंथी पुलिस गार्ड ने पाकिस्तान के पंजाब प्रान्त के गवर्नर सलमान तासीर की हत्या कर दी थी। मुमताज़ क़ादरी की तैनाती सलमान तासीर की सुरक्षा के लिए की गयी थी। परन्तु सलमान तासीर का क़ुसूर केवल यह था कि वे इसी ईश निंदा क़ानून के दुर्योपयोग व इस क़ानून के चलते पूरी दुनिया में होने वाली पाकिस्तान की हो रही किरकिरी से चिंतित होकर इस क़ानून की पुनर्समीक्षा किये जाने के पक्षधर थे। यह बात उनके गार्ड को पसंद नहीं थी ? यह घटना इस निर्णय पर पहुँचने के लिए एक और प्रमाण है कि जब धर्मान्धता व कट्टरपंथी विचार किसी इंसान के मस्तिष्क पर नियंत्रण कर लेते हैं उस समय न वह महात्मा गाँधी जैसे महापुरुष का व्यक्तित्व देखता है न इंदिरा गांधी जैसी महिला प्रधानमंत्री का और ना ही सलमान तासीर जैसे उदारवादी व प्रगतिशील सोच रखने वाले किसी गवर्नर का। मुमताज़ क़ादरी व इंदिरा गाँधी के हत्यारों ने तो यह भी नहीं सोचा कि उनका पहला धर्म व कर्तव्य तो अपने स्वामियों की रक्षा करना है ?आख़िर यह कैसा धर्म व धर्मान्धता है जिसने उन्हीं निहत्थे लोगों को मारने के लिये आमादा कर दिया जिनकी सुरक्षा करने लिये उन्हें तनख़्वाह मिलती थी और उसी तनख़्वाह से उनका व उनके परिवार का पालन पोषण होता था ? और इन सबसे अफ़सोसनाक,शर्मनाक और चिंताजनक यह कि आज उनके अपने समाज में उपरोक्त सभी हत्यारों के समर्थक भी मौजूद हैं ?

बहरहाल पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान ख़ान ने गणेश मंदिर पर हुए हमले की निंदा की और सरकार की तरफ़ से मंदिर की मरम्मत व आरोपियों के विरुद्ध सख़्त कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। ताज़ा ख़बरों के अनुसार सी सी टी वी फ़ुटेज के आधार पर 20 संदिग्ध हमलावरों को गिरफ़्तार किया गया है तथा 150 लोगों के विरुद्ध आतंकवाद तथा अन्य धाराओं के अंतर्गत मुक़दमा दर्ज किया गया है। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश गुलज़ार अहमद के आदेशानुसार मंदिर की मरम्मत का काम भी शुरू हो गया है। पाक संसद ने सर्वसम्मत से इस घटना की निंदा की है तथा अल्संख्यकों व उनके धर्मस्थलों की सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया है। इन प्रयासों से पाकिस्तान के अल्संख्यक हिन्दू समुदाय के लोगों के आंसू अस्थायी रूप से ज़रूर पोछे जा सकेंगे। परन्तु आए दिन होने वाली इस तरह की घटनाओं के चलते उनके दिलों में स्थाई रूप से बैठे भय का निवारण कैसे हो सकेगा ? ज़ाहिर है कट्टरपंथी ज़हरीली विचारधारा रखने वाले लोग मंदिर - मस्जिद -चर्च -गुरद्वारे -इमामबारगाह आदि का सम्मान करना या धर्म व कर्तव्य के मर्म को समझना क्या जानें। पाकिस्तान-अफ़ग़ानिस्तान-भारत - बांग्लादेश या किसी भी देश में किसी भी धर्म के किसी भी धर्मस्थलों के हमलावर दरअसल धार्मिक प्रवृति के नहीं बल्कि धर्मान्ध होते हैं।

## सत्ता-संपदा का उन्माद

मनुष्य विचारशील प्राणी है, विवेकशील प्राणी है। उसके पास बुद्धि है, शक्ति है। वह अपनी बुद्धि का उपयोग करता है, चिंतन के हर कोण पर रुकता है, विवेक को जगाता है, शक्ति का नियोजन करता है और संसार के अन्य प्राणियों से बेहतर जीवन जीता है। जीने के लिए वह अनेक प्रकार की सुविधाओं को जुटाता है। सत्ता और संपदा ये तो ऐसे तत्व हैं, जिनका आकषर्ण अधिकांश लोगों को बना रहता है। सत्ता के मूल में सेवा की भावना है और संपदा के मूल में जीवनयापन की। न सत्ता के बल पर कोई व्यक्ति बड़ा बनता है और न संपदा ही किसी को शिखर पर बिठा सकती है। जो लोग सेवा की पवित्र भावना से सत्ता के गलियारे में पांव रखते हैं और जीवनयापन के साधन के रूप में अर्थ का उपयोग करते हैं, वे सत्ता और संपदा प्राप्त करके भी कुछ अतिरिक्त अनुभव नहीं करते। सहज सादगीमय जीवन जीते हुए वे सत्ता और संपदा के द्वारा हितकारी प्रवृत्तियों में संलग्न हो जाते हैं। कुछ लोगों की अवधारणा है कि व्यक्ति का अस्तित्व और व्यक्तित्व सत्ता और संपदा पर ही निर्भर है। इसलिए वे जैसे-तैसे इन्हें हथियाने का प्रयास करते हैं और ये हस्तगत हो जाएं तो इनका उचित-अनुचित लाभ भी उठा लेते हैं। ऐसे लोगों में न तो सेवा की भावना होती है और न ही वे उपयोगितावादी दृष्टि से अर्थ का अंकन करते हैं। इनके द्वारा अहंकार बढ़ता है और वे स्वयं को आम आदमी से बहुत बड़ा मानने लगते हैं। यहीं से एक भेद-रेखा बनने लगती है, जो सत्ताधीश और संपत्तिशाली को दूसरे नजरिए से देखने का धरातल तैयार करती है। जिस व्यक्ति के पास सत्ता हो और संपदा हो, फिर भी उन्माद न हो; बहुत कठिन बात है। इन दोनों में से एक पर अधिकार पाने वाला व्यक्ति भी मूढ़ हो सकता है। जहां दोनों का योग हो जाए, वहां मूढ़ता न आए, यह तो संभव ही नहीं है। इस बात को सब लोग जानते हैं, फिर भी सत्ता और संपदा पाने की आकांक्षा का संवरण नहीं होता। जिनकी आकांक्षा पूरी हो जाती है, वे सौभाग्य से ही मूढ़ता से बच पाते हैं। किंतु जिनकी आकांक्षा पूरी नहीं होती, वे एक दूसरे प्रकार के उन्माद का शिकार हो जाते हैं।

# स्वतंत्रता बनाम कर्तव्यबोध

**राकेश कुमार वर्मा**

स्वतंत्र की व्युत्पत्ति 'स्व और तंत्र' से हुई है। स्वयं का तंत्र अर्थात परिवार संचालन के लिए निजी जीवनशैली के मापदण्ड स्वयं निर्धारित करना। परिवार से समाज की रचना होती है और समाज से राष्ट्र बनता है। स्वस्थ समाज के लिए अनुकरणीय संस्कार और नैतिक मूल्य जिम्मेदार है। यह ऐसी ग्राम रचना है जहां शक्तिशाली व्यक्ति दुर्बल का संबल बनता है। किसी राष्ट्र की पहचान उसकी संस्कृति से होती है और संस्कृति की पहचान नागरिक से, न कि 'काफिले बसते गये हिन्दोस्तां बनता गया' से । देश के अस्तित्व को लेकर प्रत्येक नागरिकों में जब गौरव और ग्लानि की समान आत्मानुभूति होती है तो उससे एक राष्ट्र का निर्माण होता है। इसलिए भारत में उत्सवों की अनंत श्रृंखला है। 'उत्स' अर्थात निर्झर बहना। शास्त्रों में जल को अमृत कहा गया है जिसमें औषधि, अग्नि और पोषक तत्वों सहित जीवनप्रदायक तत्व होने के कारण समृद्ध का प्रतीक माना गया है। पोषण के लिए इससे तैयार फसल(अन्न) को विविध कलात्मक स्वरूप प्रदान करते हुए परस्पर बांटने को उत्सव माना गया। संसाधनों पर नियंत्रण के लिए इन्हें ईश्वर से जोड़ा गया मसलन ब्रह्मार्पणं ब्रह्म हविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम् । अर्थात् जो भक्षण और भक्षक है वे सब ईश्वर है। शायद प्राणी संरक्षण को ध्यान में रखकर विविध योनियों में पुनर्जन्म की अवधारणा बलवती हुई होगी। इस प्रकार की अनुपम विरासत सहेजने के लिए परहित को ध्यान में रखकर अर्थोपार्जन (धन) करते हुए आवश्यक कामनाओं की पूर्ति करना हमारी जीवनशैली रही है। इस संदर्भ में अति आवश्यक होने पर ही किसी संसाधन अथवा साधन मसलन मोबाइल, वातानुकूलित जैसे इलेक्ट्रानिक सामानों के संयमित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया । क्योंकि विज्ञान की दृष्टि से इसके उपयोग से कार्बन उत्सर्जित होते हैं जो पर्यावरण के लिए घातक होने के साथ ही मौजूदा बाढ़, अकाल, सूखा और कनाडा - साइप्रस जैसे जंगलों में स्वयं लगने वाली



दावानल(आग) के लिए जिम्मेदार है। अब हम समझ सकते हैं कि यदि स्वतंत्रता को उच्छृंखल अथवा मत्स्य न्याय अर्थात जहां बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाये से जोड़ें तो क्या हमारा अस्तित्व रह सकता है लेकिन अफसोस, इसके सजगता के प्रति संकल्प के लिए प्रतिवर्ष वैश्विक स्तर पर अरबों रूपये खर्च होते हैं लेकिन सुविधासंपन्न हमारी कुप्रवृत्तियां इससे मुक्त नहीं हो पातीं और कोविड महामारी के दुष्परिणाम के बावजूद प्रकृति शोषण का यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। विकास के नाम पर जनता के पैसे हड़पकर छद्म रोडमेप पर कार्य चल रहा है। कभी बीआरटीएस कॉरीडोर खत्म किया जाता है तो कभी स्मार्ट सायकिल पथ। फिर रोटरी निर्माण कर सड़क चौड़ीकरण के नाम से उसे हटाया जाता है। फिर सौंदर्यीकरण पर खर्च कर पाइपलाइन डालने के लिए उसे उजाड़ दिया जाता है। सड़क निर्माण में करोड़ों फूंकने के बाद मैट्रो रेल के लिए फिर उनकी खुदाई। क्या जबरन करवसूली से प्राप्त राशि का इस प्रकार दुरूपयोग उचित है। मादक पदार्थों पर भारी टैक्स लगाकर उसके उपयोग की स्वीकृति देकर लोगों का परिवार तबाह करने के बाद मद्यपान निषेध दिवस पर इसके दुष्परिणाम बताते हुए इसके सेवन से रोकना क्या नैतिक स्वतंत्रता कही जायेगी हां, यदि कोई स्वयंसेवी संस्था यह कार्य करे तो न्यायसंगत लगता है। इसी प्रकार किसी भी विधा में पारंगत शिल्पी या विद्वान ही उस क्षेत्र में साधनारत साधक को मार्गदर्शन दे सकता है, क्योंकि वह उस विषय की जटिलता का अनुभव कर चुका होता है, न कि केवल राजनीतिक नेता। हम जलसंरक्षण की बात करते हैं लेकिन अगले ही दिन नल आने पर बर्तन खाली कर देते हैं। भूख से प्रतिमिनिट पांच अभावग्रस्तों की मौत की पुष्टि के बावजूद अजीर्ण उपचार के शोध में व्यस्त है। हमारी सुविधा में बाधित वृक्ष को नष्ट करने में उसके गुणों के बारे में एक पल भी नहीं सोचते। शोषित समाज के दुःखों का अनुभव कर शीर्ष पद पर पहुंचकर उनके दमन में ही आनंद का अनुभव करते हैं।

# स्वतंत्रता का निर्वहन

### सूडोकु नवताल- 5802

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल 5801 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

**केश कुमार वर्मा**

स्वतंत्रता की व्युत्पत्ति 'स्व और तंत्र' से हुई है। स्वयं का तंत्र अर्थात परिवार संचालन के लिए निजी वनशैली के मापदण्ड स्वयं निर्धारित करना। परिवार से समाज की रचना होती है और समाज से राष्ट्र बनता है। स्वस्थ समाज के लिए अनुकरणीय संस्कार और नैतिक मूल्य जिम्मेदार है। यह ऐसी ग्राम रचना है जहां शक्तिशाली व्यक्ति दुर्बल का संबल बनता है। किसी राष्ट्र की पहचान उसकी संस्कृति से होती है और संस्कृति की पहचान नागरिक से, न कि 'काफिले बसते गये हिन्दोस्तां बनता गया' से । देश के अस्तित्व को लेकर प्रत्येक नागरिकों में जब गौरव और ग्लानि की समान आत्मानुभूति होती है तो उससे एक राष्ट्र का निर्माण होता है। इसलिए भारत में उत्सवों की अनंत श्रृंखला है। 'उत्स' अर्थात निर्झर बहना। शास्त्रों में जल को अमृत कहा गया है जिसमें औषधि, अग्नि और पोषक तत्वों सहित जीवनप्रदायक तत्व होने के कारण समृद्ध का प्रतीक माना गया है। पोषण के लिए इससे तैयार फसल(अन्न) को विविध कलात्मक स्वरूप प्रदान करते हुए परस्पर बांटने को उत्सव कहा गया। ऐसी विरासत को सहेजने के लिए परहित को ध्यान में रखकर अर्थोपार्जन (धन) कर आवश्यक कामनाओं की पूर्ति करना हमारी जीवनशैली है। इस संदर्भ में अति आवश्यक होने पर ही किसी संसाधन या

मोबाइल, वातानुकूलित जैसे इलेक्ट्रानिक सामानों का उपयोग करना। क्योंकि विज्ञान की दृष्टि से इसके उपयोग से कार्बन उत्सर्जित होते हैं जो पर्यावरण के लिए घातक होने के साथ ही मौजूदा बाढ़, अकाल, सूखा और जंगलों में स्वयं लगने वाली दावानल(आग) के लिए जिम्मेदार है। अब हम समझ सकते हैं कि यदि स्वतंत्रता को उच्छृंखल अथवा मत्स्य न्याय अर्थात जहां बड़ी मछली छोटी मछली को खा जाये से जोड़ें तो क्या हमारा अस्तित्व रह सकता है लेकिन अफसोस, इसके सजगता के प्रति संकल्प के लिए प्रतिवर्ष वैश्विक स्तर पर अरबों रूपये खर्च होते हैं लेकिन सुविधासंपन्न हमारी कुप्रवृत्तियां इससे मुक्त नहीं हो पातीं और कोविड महामारी के दुष्परिणाम के बावजूद प्रकृति शोषण का यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। हम जलसंरक्षण की बात करते हैं लेकिन अगले ही दिन नल आने पर बर्तन खाली कर देते हैं। हमारी सुविधा में बाधित वृक्ष को नष्ट करने में उसके गुणों के बारे में एक पल भी नहींसोचते। शोषित समाज के दुःखों का अनुभव कर शीर्ष पद पर पहुंचकर उनके दमन में ही आनंद का अनुभव करते हैं। बच्चों का बचपन खत्म करने अथवा पर्यावरण संरक्षण को लेकर आरक्षित भूमि पर अवैध कब्जे की बात हो अथवा लैंगिक भेदभाव या असहायों के उत्पीड़न का मामला हो हर जगह इसे विश्रृंखल और विद्रूप होते प्रतिबिम्बों में देख सकते हैं। ईश्वर के नाम पर प्रातः उठकर अन्य लोगों द्वारा पोषित जरूरत से अधिक पुष्पों को चुराते समय उन मधुमक्खियों -भौंरों का तनिक भी ख्याल नहीं आता जिनका जीवन इन्ही पर आश्रित है। आखिर किस ईश्वर की आराधना में ये फूल-पत्तियां तोड़ी जा रही हैं जो हमारे पाखंडों का पोषण करते हुए दैवीय जलस्रोतों को प्रदूषित कर रहीं हैं अथवा जिसने इन चराचर जीवों के पोषण के लिए इन्हें अपना स्नेह दिया और हमने उनसे छीन लिया दरअसल पांच तत्वों से निर्मित इस काया में पुष्प आकाश तत्व है जिसे बतौर समर्पण प्रतीक के रूप में हम ईश्वर को समर्पित करते हैं। वस्तुतः समाज की आत्मा का सौंदर्य भाई-चारे, समरसता और परस्पर सहयोग में ही निहित है। वे भारत के ही ऋषि थे जिन्होंने सर्वे भवन्तु सुखिनः और वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश दिया था। लेकिन कथित संभ्रांतवर्ग और सुरक्षा की दृष्टि से बनाई गई सोसायटी की संस्कृति ने समाज की अवधारणा ही बदल दी। श्हैपी बर्थडे और गेट टुगेदरश् के तमाम कार्यक्रमों से गुलजार इन इमारतो में समाज की मूल भावना का अकाल दिखा। सोसायटी में आराम और मनोरंजन की कई सुविधायें हैं, तरणताल, उद्यान, जिम, सामुदायिक भवन, क्रीड़ास्थल आदि बहुत कुछ है लेकिन समाज नदारद है। इस समाज में आंगन की मस्ती और दादी मॉ के लिए कोई जगह नहीं है। सोसायटी की संस्कृति ने परिवारों को शयनकक्षों तक सीमित कर दिया है, जिसके चलते बच्चे ऑनलाइन अपराधों का शिकार हो रहे हैं । इस प्रकार की सोसायटियों का निर्माण कर हम एक विशेष प्रकार का समाज खड़ा कर रहे हैं जिसमें लोकाचार, व्यवहार, मेल-मिलाप, संवाद, हंसना-बोलना नदारद है। जहां सामाजिकता का कोई स्थान नहीं। इसके आवरण के गर्भ में केवल शून्य है। फिर राजनीति में अवसर की उर्वरसतह पाते ही अर्क-जवास की तरह ये मानसिकता अपने बनाये तंत्र को तोड़ते हुए जन का जीना मुहाल कर देते हैं।

## एक पहलवानः कई लकवाग्रस्त मरीज़

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

हमारे विपक्षी दल एकजुट होने के लिए क्या-क्या द्राविड़ प्राणायाम नहीं कर रहे हैं? अब कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 20 अगस्त को विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं की बैठक बुलाई है। इसके पहले कांग्रेसी नेता कपिल सिब्बल ने अपने घर पर विपक्षी नेताओं का प्रीति-भोज रखा था, जिसमें लगभग सभी दलों के नेता थे, सिवाय सोनिया और राहुल के। उसके पहले ममता बेनर्जी और शरद पवार ने भी विरोधी दलों को एक करने की कवायद की थी। यों भी पूर्व प्रधानमंत्री ह.डो. देवगौड़ा भी विरोधी नेताओं से बराबर मिलते जा रहे हैं। संसद के दोनों सदनों को ठप्प करने और हुड़दंग मचाने में विपक्षी नेताओं ने जिस एकजुटता का प्रदर्शन किया है, वह अपूर्व है लेकिन इन सब नौटंकियों का नतीजा क्या निकलेगा ? इसमें शक नहीं कि विपक्षी दल जिन मुद्दों को उठा रहे हैं, उनका जवाब देने में सरकार कतरा रही है और उसका बर्ताव लोकतांत्रिक बिल्कुल नहीं है। यदि उसमें लचीलापन और अंहकारमुक्तता होती तो वह पेगासस-जासूसी और किसान समस्या पर विपक्ष के साथ बैठकर नम्रतापूर्वक सारे मामले को सुलझा सकती थी लेकिन पक्ष और विपक्ष दोनों दंगलप्रेमी बन चुके हैं लेकिन असली सवाल यह है कि क्या विपक्ष एकजुट हो पाएगा और क्या वह मोदी सरकार को हटा सकता है? पहली बात तो यह कि देश के कई राज्यों में विपक्षी दल आपस में ही एक-दूसरे से भिड़े हुए हैं। जैसे उप्र में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बसपा में तथा केरल में कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस में सीधी टक्कर है। कुछ अन्य राज्यों में विरोधी दल ताकतवर हैं लेकिन वे तटस्थ हैं। दूसरा, विरोधी दलों के हाथ कोई ऐसा मुद्दा नहीं लग रहा है, जो आपात्काल या बोफोर्स या राम मंदिर या भारी भ्रष्टाचार– जैसा हो, जिन्होंने इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिंहराव या मनमोहनसिंह के खिलाफ जनमत तैयार कर दिया हो और विरोधी दलों को एक कर दिया है। तीसरा, इस समय विरोधी दलों के पास कोई जयप्रकाश नारायण जैसे सर्वस्वत्यागी नेता नहीं है। उनके पास विश्वनाथप्रतापसिंह की तरह भाजपा में कोई बागी नेता भी नहीं है। विरोधी दलों के पास अटलबिहारी वाजपेयी की तरह सर्व-स्वीकार्य उदारपुरुष भी कोई नहीं है। उनके पास चंद्रशेखर या लालकृष्ण आडवाणी की तरह भारत-यात्रा करनेवाला भी कोई नही हैं। यह ठीक है कि नरेंद्र मोदी का राज 40 प्रतिशत से भी कम वोटों पर चल रहा है और भाजपा का भी कांग्रेसीकरण हो चुका है। मोदी सरकार में देश की समाज-व्यवस्था और अर्थ-व्यवस्था में बुनियादी परिवर्तन करने की क्षमता भी नहीं है।

# अली अब्बास जफर की फिल्म सुपर सोल्जर में नजर आ सकती हैं कैटरीना कैफ



कैटरीना कैफ बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने दिलकश अंदाज और मुस्कान से लाखों प्रशंसकों के दिलों पर राज किया है। इस अभिनेत्री की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि कैटरीना चर्चित निर्देशक अली अब्बास जफर की आगामी फिल्म सुपर सोल्जर में नजर आ सकती हैं। बताया जा रहा है कि यह अली अब्बास की सुपरहीरो फिल्म होगी। कैटरीना इस फिल्म में अहम भूमिका में दिखेंगी।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कैटरीना अली अब्बास की फिल्म सुपर सोल्जर में नजर आएंगी। खबरों की मानें तो सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 की शूटिंग खत्म करने के बाद कैटरीना इस फिल्म से जुड़ेंगी। अली अब्बास और कैटरीना की यह चौथी फिल्म होगी, जिसमें वे दोनों साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने भारत, मेरे ब्रदर की दुल्हन और टाइगर जिंदा है जैसी चर्चित फिल्मों में काम किया है। अली अब्बास ने बताया, फिल्म का शेड्यूल डेट्स उपलब्ध होने पर निर्भर करेगा। अभी भी कैटरीना अन्य प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। टाइगर 3 की शूटिंग का शेड्यूल आगे बढ़ गया है और वह इस साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में ही फ्री हो पाएंगी। उम्मीद है कि जब कैटरीना की व्यस्तता खत्म हो जाएगी, तब इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया जाएगा। फिलहाल अली अब्बास इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। जब-जब कैटरीना और अली अब्बास ने एक साथ काम किया है, उनके प्रोजेक्ट को काफी सराहना मिली है। अली अब्बास ने कैटरीना की एक्टिंग स्किल में लगातार सुधार होने की बात कही है। फिल्ममेकर ने कहा, मुझे लगता है कि एक अभिनेत्री के रूप में उनमें निखार आ रहा है। इन दोनों ने 2009 में आई फिल्म न्यूयॉर्क में भी साथ काम किया है। इस फिल्म से अली अब्बास एक सहायक निर्देशक के तौर पर जुड़े थे। इससे पहले अली अब्बास ने खुलासा किया था कि यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी। फिल्म में कैटरीना के अपोजिट कोई पुरुष अभिनेता को कास्ट नहीं किया जाएगा। मेकर्स का मानना था कि कैटरीना अपने आप में हीरो के रूप में अपनी छवि रखती हैं। स्वाभाविक तौर पर इस फिल्म में दर्शकों को कोई रोमांटिक गाने नहीं देखने को मिलेंगे। इस फिल्म के लिए कैटरीना अपनी मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ले रही हैं। कैटरीना अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म फोन भूत को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान खट्टर लीड रोल में दिखेंगे। कैटरीना के फैंस उनकी आने वाली फिल्म सूर्यवंशी का इंतजार कर रहे हैं। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म में वह अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। कैटरीना सलमान की फिल्म टाइगर 3 में भी दिखेंगी। इस फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन करती नजर आएंगी।

## थ्रिलर वेब सीरीज में सीबीआई अफसर बनने जा रहीं हैं अभिनेत्री श्वेता तिवारी

अभिनेत्री श्वेता तिवारी टीवी की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। उन्होंने हर बार अपने अभिनय और अंदाज से दर्शकों का दिल जीता है और अब एक बार फिर वह दर्शकों को अपना दीवाना बनाने आ रही हैं। श्वेता अब एक ऐसे अवतार में दिखने वाली हैं, जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा। वह एक सीबीआई अफसर के किरदार में नजर आने वाली हैं। आइए जानते हैं उनकी भूमिका और शो के बारे में और क्या जानकारी मिली है। ओटीटी प्लेटफॉर्म उल्लू ऐप की सस्पेंस थ्रिलर वेब सीरीज शुक्ला वर्सेज त्रिपाठी में श्वेता को महिला पुलिस अफसर के रूप में देखना प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा। यह एक क्राइम सीरीज है, जो सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी। श्वेता ने कहा कि वह इस सीरीज का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं। इसमें वह एक मर्डर मिस्ट्री की जांच करती दिखेंगी। शो के सेट से श्वेता की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। अपने नए शो के बारे में पूछे जाने पर श्वेता ने कहा, मैं वेब सीरीज शुक्ला वर्सेज त्रिपाठी का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं। यह सस्पेंस से भरा थ्रिलर प्रोजेक्ट है और हमने हाल ही में इसकी शूटिंग शुरू की है। उन्होंने बताया, इसकी कहानी एक युवा कवयित्री के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे लाइव टेलीविजन शो के



दौरान गोली मार दी जाती है और अब ये जांच अधिकारियों पर निर्भर है कि वे सच्चाई का पता लगाएं। सीरीज में अपने किरदार पर बात करते हुए श्वेता ने कहा, मैं इसमें एक कड़क सीबीआई ऑफिसर का किरदार निभा रही हूं। मेरे कैरेक्टर का नाम रिद्धिमा लाखा है। ये रोल काफी दमदार होने वाला है। उन्होंने बताया, मैं एक ऐसे अफसर की भूमिका में हूं, जिसे रिश्वत नहीं दी जा सकती। जैसे ही हम इस सफर की शुरुआत कर रहे हैं, मैं अपने प्रशंसकों से प्यार और समर्थन की उम्मीद करती हूं। श्वेता इन दिनों खतरों के खिलाड़ी 11 में नजर आ रही हैं। आखिरी बार उन्हें धारावाहिक मेरे डैड की दुल्हन में देखा गया था। इसमें उनके साथ अभिनेता वरुण बडोला नजर आए थे।

# झटलेका मल्होत्रा हूबहू लगती हैं तमन्ना की हमशक्ल



बॉलीवुड सेलेब्स के कई हमशक्ल होते हैं जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं. इन सेलेब्स के हमशक्ल इन्ही की तरह बहुत फेमस होते हैं. आज हम आपको एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की हमशक्ल के बारे में बताते हैं. तमन्ना की हमशक्ल भी एक स्टार हैं. तमन्ना भाटिया की हमशक्ल कोई और नहीं मिस इंडिया इंटरनेशनल 2014 झटलेका मल्होत्रा हैं. तमन्ना और झटलेका की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं. दोनों के लुक्स काफी मिलते हैं और फैंस को बहुत पसंद भी आते हैं. झटलेका इंडस्ट्री में कदम रख चुकी हैं.उन्होंने संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन हाउस से डेब्यू किया है. संजय लीला भंसाली फिल्म में पूनम ढिल्लन के बेटे अनमोल को लांच किया। भंसाली ने इस फिल्म में झटलेका को अनमोल के अपोजिट लीड रोल में लांच किया। इस फिल्म का नाम ट्यूजडेज एण्ड फ्राईडेज है। बड़े बैनर की फिल्म होने के बाद फिल्म ने कई खास कमाल नहीं किया है. मुंबई में पली बढ़ी और अपने परिवार में सबसे छोटी झटलेका पंजाबी परिवार से ताल्लुक रखती हैं। इन्होंने करियर की शुरुआत 2013 में मिस दिवा से की थी। तमन्ना भाटिया इस समय इंडस्ट्री में धमाल मचा रही हैं. उनकी बॉलीवुड के साथ साउथ इंडस्ट्री में कई फिल्में रिलीज हो चुकी हैं. झटलेका मल्होत्रा भारतीय फ़िल्म अभिनेत्री के साथ-साथ मॉडल और ब्यूटी क्वीन भी हैं। उन्हें फेमिना मिस इंडिया 2014 में पहली रनर-अप का ताज पहनाया गया था।

# प्रतीक गांधी अभिनीत वेब सीरीज का निर्माण करेंगे अभिनेता अजय देवगन

स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी की सफलता के बाद प्रतीक गांधी के सितारे बुलंदियों पर पहुंच गए थे। आज के दौर में वह एक उभरते हुए अभिनेता के रूप में जाने जाते हैं। वह इस समय कई प्रोजेक्ट को लेकर व्यस्त हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह एक वेब सीरीज में नजर आएंगे, जिसे मशहूर अभिनेता अजय देवगन प्रोड्यूस करेंगे। इस वेब सीरीज का प्रसारण ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा। अजय प्रतीक की वेब सीरीज सिक्स सस्पेक्ट्स को प्रोड्यूस करेंगे। लेट्स ओटीटी ग्लोबल की रिपोर्ट की मानें तो अजय इस प्रोजेक्ट का सह-निर्माण करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, अजय दिवंगत



निर्माता विनय सिन्हा की बेटी प्रीति सिन्हा के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट का निर्माण करेंगे। इस संबंध में आधिकारिक जानकारी जल्द सामने आ सकती है। अजय ने इससे पहले तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर और शिवाय जैसे प्रोजेक्ट का निर्माण किया है। यह सीरीज विकास स्वरूप के इसी नाम के मर्डर मिस्ट्री उपन्यास का आधिकारिक रुपांतरण है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीरीज की शूटिंग फरवरी में शुरू हो चुकी थी, लेकिन इस प्रोजेक्ट से जुड़ी टीम ने इसे गोपनीय रखा था। इस किताब के राइट्स अजय और प्रीति ने खरीद लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने विकास की एक अन्य किताब द एक्सीडेंटल अपरेंटिस के राइट्स भी खरीद लिए हैं। अजय ने अभिषेक बच्चन की द बिग बुल को भी प्रोड्यूस किया था। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा भी मुख्य भूमिका में दिखने वाली हैं।

## राजकुमार हिरानी की फिल्म में शाहरुख के साथ नजर आएंगी ये तीन अभिनेत्रियां?



पिछले काफी समय से शाहरुख खान निर्देशक राजकुमार हिरानी की फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। भले ही इस फिल्म का नाम अब तक सामने नहीं आया, लेकिन आए दिन इससे जुड़े अपडेट मिलते रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से यह चर्चा जोरों पर थी कि इस फिल्म में शाहरुख के साथ एक नहीं, बल्कि तीन अभिनेत्रियां नजर आएंगी। इसके लिए काजोल, तापसी पन्नू और विद्या बालन के नाम पर चर्चा थी। रिपोर्ट के मुताबिक यह फिल्म अप्रवास के मुद्दे पर आधारित होगी। काजोल, विद्या बालन और तापसी पन्नू में से कोई भी इसका हिस्सा नहीं होंगी। खबरें थीं कि फिल्म में काजोल जहां शाहरुख की पत्नी का किरदार निभाएंगी, वहीं, तापसी एक पत्रकार की भूमिका में दिखेंगी। विद्या के किरदार को लेकर कहा जा रहा था कि वह फिल्म में शाहरुख की गाइड के रूप में दिखेंगी। शाहरुख सितंबर में फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। अब फिल्म की हीरोइन कौन होगी, यह तो नहीं पता, लेकिन फिल्म में मनोज बाजपेयी और बोमन ईरानी नजर आ सकते हैं। दोनों से ही फिल्म के लिए संपर्क किया गया है। उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है। हालांकि, फिल्म में अभी किसी के भी नाम की पुष्टि नहीं हुई है। सुनने में आ रहा है कि जल्द ही बोमन और मनोज फिल्म साइन कर सकते हैं। उसके बाद फिल्म में उनके नाम की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

# हवाई यात्रा के बाद कानों में होने लगता है दर्द? इन घरेलू नुस्खों से पाएं राहत



कई लोग सुविधाजनक यात्रा के लिए हवाई मार्ग का चयन करते हैं, लेकिन जब फ्लाइट टेक ऑफ या लैंड करती है तो कानों में असहनीय दर्द होने लगता है। दरअसल, जब फ्लाइट टेक ऑफ या लैंड करती है, तब कानों पर हवा का अधिक दबाव पड़ता है जिसके कारण दर्द होने लगता है। अगर आपको भी हवाई यात्रा के बाद कानों में दर्द होता है तो आप कुछ घरेलू नुस्खों को अपनाकर इससे राहत पा सकते हैं।

**गर्म सिकाई करें:** अगर हवाई यात्रा के बाद आपके कानों में तेज दर्द हो तो इससे राहत पाने के लिए हॉट पैड से कान की सिकाई करें। ऐसे पैड आपको मेडिकल स्टोर पर या ऑनलाइन भी मिल जाएंगे। हालांकि अगर हॉट पैड न मिलें तो एक सूती का कपड़ा लें और गैस पर तवा गर्म कर लें। अब कपड़े की कई तह बनाकर उसे गर्म तवे से लगाएं और फिर इससे कान के आस-पास 20 मिनट तक सिकाई करें।

**प्याज भी है प्रभावी:** अगर आप हवाई यात्रा के बाद होने वाले कान के दर्द से राहत पाना चाहते हैं तो इसके लिए प्याज का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सबसे पहले प्याज को दो टुकड़ों में काटें और फिर एक टुकड़े को जैतून के तेल के साथ एक पैन में गर्म करें। जब प्याज मुलायम हो जाए तो उसे ठंडा करके एक साफ सूती कपड़े में लपेटें और फिर कपड़े को 10 से 15 मिनट के लिए कान पर रख लें।

**जैतून के तेल का करें इस्तेमाल:** जैतून के तेल की मदद से भी हवाई यात्रा के बाद होने वाले कान के दर्द को दूर किया जा सकता है। समस्या से राहत पाने के लिए एक ड्रॉपर की मदद से अपने कान में जैतून के तेल की दो से तीन बूंदें डालें। इस उपाय को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आप इस तेल में लहसुन की कुछ कलियों को कुचलकर डाल सकते हैं। यकीनन इससे आपको जल्द ही कान के दर्द से राहत मिलेगी।

**अदरक से मिलेगी राहत:** हवाई यात्रा के बाद होने वाले कान के दर्द से राहत दिलाने में अदरक का इस्तेमाल भी प्रभावी हो सकता है। राहत के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक छोटी चम्मच अदरक का रस और एक छोटी चम्मच जैतून का तेल अच्छे से मिलाएं। अब सूती कपड़े को इस मिश्रण में भिगोकर कान के ऊपर रखें। यकीन मानिए इस उपाय से आपके कानों का दर्द कुछ ही मिनटों में दूर हो जाएगा।

## रोजाना सूर्य नमस्कार करने से मिलते है अनेक फायदे



सूर्य नमस्कार सुबह की योग मुद्रा है, जिसे यदि प्रतिदिन नियमित रूप से किया जाए तो शरीर स्वस्थ और दीप्तिमान हो जाता है। सूर्य नमस्कार में 12 प्रभावी आसन होते हैं। ऐसा करने से मन को शांति मिलती है और शरीर स्वस्थ रहता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह खाली पेट सूर्य नमस्कार करना सबसे अच्छा तरीका माना जाता है। हाथ छाती के पास नमस्कार की स्थिति में होने चाहिए। पैरों को एडजस्ट करते हुए, सामने देखते हुए या आंखें पोंछते समय बिजमंत्र से सूर्य नाम का उच्चारण करना चाहिए।

### लाभ-

■ सूर्य नमस्कार के अभ्यास से शारीरिक स्तर पर स्थिरता आती है। ■ प्रभावित अंगों पर दबाव पड़ता है जिससे उन अंगों में रक्त संचार बेहतर होता है। ■ शुद्ध रक्त की आपूर्ति होती है जो अंगों के कार्य को बढ़ाती है। यह संबंधित विकारों को ठीक करने में मदद करता है। ■ सूर्य नमस्कार बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करता है और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। ■ शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने वाली ग्रंथियों के कार्य में सुधार करता है। ■ शारीरिक, मानसिक दक्षता को बढ़ाता है। ■ स्थिरता पैदा करके बच्चों में अस्थिरता को कम करने में मदद करता है।



# आपदा में राजनीति चमकाने का अवसर तलाश रहे विधायक, शासन की राहत सामग्री को अपना बताकर कर रहे वितरणः नरेन्द्र सिंह

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे

**(राशन के साथ फोटो लगे थैले में 1-1 साड़ी बांट कर भोली भाली क्षेत्र की जनता को कर रहे गुमराह)**

भिण्ड।चंबल और सिंध में आई बाढ़ ने भिंड जिले में तबाही मचाते हुए यहां सैकड़ों गांव बर्बाद कर दिए। इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हजारों मकान नष्ट हो गए, कई परिवारों की जीवन भर की जमापूंजी इस बाढ़ की विभीषिका में बह कर नष्ट हो गई। ऐसे में इन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति द्वारा इस संकट की घड़ी में गहरा शोक प्रकट करने के साथ साथ उनकी हर संभव सहायता की जा रही है। लेकिन इस आपदा के समय में भी भिण्ड से बहुजन समाज पार्टी के विधायक इन बाढ़ प्रभावितों का सहयोग करने के नाम पर ओछी राजनीति के अवसर तलाशने में जुटे हैं। चंबल संभाग सहित भिंड जिले में बाढ़ प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता देने के उद्देश्य से प्रदेश के संवेदशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा पीड़ितों के लिए 50-50 किलो आटा पैकेट के साथ अन्य राहत सामग्री वितरित करने के आदेश दिए हैं। लेकिन बसपा विधायक द्वारा आपदा की इस घड़ी को भी अपनी राजनैतिक महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए भुनाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। बसपा विधायक द्वारा भिण्ड विधानसभा के बाढ़ ग्रस्त गांवों में शासन स्तर पर वितरित किए जाने वाले 50 किलो आटा के पैकेट के साथ एक परिवार में बेहद घटिया किस्म की 1-1 साड़ी (3 साल पुरानी) अपने फोटो युक्त पैकेट के साथ वितरण करते हुए इसे स्वयं की ओर से की गई मदद बता डाला। जबकि उक्त राशन शासन स्तर पर इन जरुरतमंद परिवारों मदद के रुप में बांटे जाने के लिए भेजा गया था। हद तो तब और हो गई जब विधायक ने पीड़ित परिवारों को वितरित किए जाने वाली इस राहत सामग्री के वितरण में भी भेदभाव करते हुए कुछ चुनिंदा लोगों को ही बांटने का काम किया। ऐसे में कई जरुरतमंद परिवार इस सुविधा से वंचित रह गए हैं। बसपा विधायक द्वारा किया जा रहा 7

नगर पालिका में भ्रष्टाचार के जनक विधायक-भिण्ड नगर पालिका में बीते लंबे समय से हो रहे भ्रष्टाचार के जनक बसपा विधायक के संरक्षण में भिण्ड नगर पालिका में भी जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। जिसमें उनके द्वारा दबाब देकर 1-1 लाख रुपए के ऑफ लाइन टेण्डर लगवाते हुए खुलेआम भ्रष्टाचार



कर कमीशनखोरी के दलदल में आकंठ डूबे हुए हैं। वर्तमान में भिण्ड शहर की हालत किसी ग्रामीण क्षेत्र के समान हो गई है, जिसे बर्बाद करने के लिए सीधे तौर पर बसपा विधायक जिम्मेदार है। नगर पालिका परिषद भिण्ड के भ्रष्ट कर्मचारी जनहित के कार्य न करते हुए विकास कार्य को अवरुद्ध किए हुए हैं, जिसके लिए विधायक द्वारा उन्हें पूरा संरक्षण दिया जा रहा है। ऐसे में भिण्ड क्षेत्र की जनता परेशानी झेलने पर मजबूर है। पूर्व में भिण्ड नगर पालिका में पदस्थ रही ईमानदार महिला सीएमओ ज्योति सिंह यादव द्वारा जब भिण्ड से बसपा विधायक के दबाब में भ्रष्टाचार करने से मना कर दिया था तो उन्होने ने ही विरोध करते हुए उक्त नगर पालिका सीएमओ का स्थानांतरण कराया था, जो उनके ईमानदारी से जनहित के कार्य करने के दावों को झूठा साबित करता है। नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार की यदि जांच कराई जाऐ तो बसपा विधायक और भ्रष्ट कर्मचारियों की सांठ-गांठ का कच्चा चिठ्ठा खुल का सामने आ जाऐगा। , पत्रकार वार्ता में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदोरिया पूर्व नगर अध्यक्ष उपेंद्र सिंह भदोरिया विशेष रूप से मौजूद थे

**पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के कार्यकाल में स्वीकृत कराए गए विकास कार्य**

1- पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह के कार्यकाल में वर्ष 2013 में अकोड़ा में नवीन कॉलेज के लिए भेजे गए प्रस्ताव को उच्चशिक्षा विभाग द्वारा स्वीकार भी कर लिया गया था। जिसके निर्माण के लिए राशि भी उच्चशिक्षा विभाग द्वारा जारी कर निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई थी। तत्कालीन समय में प्रदेश भर में ऐसे कुल 27 जिलों में कॉलेज खोले जाने के लिए राशि जारी की गई थी।

2-टेहनगुर हिलगवां पुल के भी पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के कार्यकाल में स्वीकृत किया गया था, जिसका शिलान्यास उज्जैन में मौजूद प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ऑनलाइन किया गया था।

3- रिंग रोड के निर्माण का प्रस्ताव भी पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह के कार्यकाल में भेजा गया था, जिसमें तत्काली सांसद डॉ भागीरथ प्रसाद द्वारा भी इसकी मंजूरी दिलाने में सहयोग किया था।

4- गौरी सरोवर पर वाटर स्पोट्‌र्स को बढ़ावा देने के लिए 2013 में ही पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह के कार्यकाल में कैनोइंग-कायाकिंग जैसा अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजन किया गया था, जिसके बाद यहां वाटर स्पोर्टस क्लब बनाने के लिए पत्राचार किए जाने के बाद उसे खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी।

5- लगभग 60 लाख में निर्मित नेशनल हाईवे से लेकर भवानीपुरा पहुंच मार्ग जो कि पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के कार्यकाल में स्वीकृत किया गया था उसे भी वर्तमान विधायक द्वारा स्वयं के द्वारा कराया गया विकास कार्य बताया जा रहा है।

6- 15 महीने की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से लेकर अभी तक बसपा विधायक द्वारा कौन कौन से विकास कार्य स्वीकृत कराए हैं इसकी जानकारी जनता के सामने स्पष्ट करें।

**(भाजपा काल के विकास को अपना बता रहे विधायक)**

भिण्ड विधानसभा क्षेत्र में जो भी विकास कार्य संपन्न हुए और हो रहे हैं, वह सभी भाजपा के शासन काल के हैं। जिन्हें अपना बताते हुए भिंड बसपा विधायक इन निर्माण कार्यों का श्रेय लूटने का प्रयास कर रहे हैं। जिसमें कई विकास कार्यों का लोकार्पण तो स्वयं सीए शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया जा चुका है। बसपा विधायक द्वारा जिस प्रकार से बीजेपी के विकास कार्यों को स्वयं के द्वारा कराए जाने के दावे किए जा रहे हैं वह उनकी झूठ बोलकर लोकप्रियता हासिल करने की मंशा की पोल खोलना स्पष्ट करता है।

## वन-टू-वन

### स्वतन्त्रता दिवस समारोह, कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए सादगी के साथ मनाया जायेगा

सोनू कुमार माथुर

एटा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक कुमार मिश्र ने बताया है कि स्वतन्त्रता दिवस समारोह, कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए सादगी के साथ मनाया जायेगा। समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष के संयोजन में स्वतंत्रता दिवस पर प्रातः 8 बजे से सभी सरकारी, गैर सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रीयगान का भावपूर्ण गायन होगा। राष्ट्रीय ध्वज में गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां बांधकर ध्वज फहराया जायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता पथ निरपेक्षता सामाजिक समरसता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना बलवती बनाने पर बल दिया जाये जिसमें राष्ट्रीय गान ''जन गण मन'' की सामूहिक गान भी सम्मिलित हो किन्तु यह कार्यक्रम शासन की गाइडलाइन एवं सोशल डिस्टेंसिंग के अनुसार मनाया जायेगा। अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक कुमार मिश्र ने कहा कि 15 अगस्त को प्रातः 08 बजे से 8:30 बजे तक समस्त राजकीय कार्यालयों के सामने कम से कम 10 पौधे (अधिक की कोई सीमा नहीं) क्लीन यूपी ग्रीन यूपी के तहत लगाये जायेंगे। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, सभी शिक्षण संस्थाओं, ब्लाकों, थानों पर विशेष अभियान चलाकर वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करेंगें, डीएफओ द्वारा 15 अगस्त को जनपद में किये गये वृक्षारोपण की सूचना संकलित कर जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। स्वमंत्रता दिवस के अवसर पर कोविड-19 के योद्धाओं जैसे चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, स्वच्छता कर्मियों को ऑनलाइन कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जायेगा तथा इसके अतिरिक्त कोरोना महामारी से स्वस्थ हुए व्यक्तियों को भी ऑनलाइन आमंत्रित किया जायेगा।

उन्होनें कहा कि कोविड-19 के दिशा निर्देशों का कडाई से अनुपालन करते हुए शिक्षण संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया जाये। विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से संक्षेप में स्वतंत्रता-संग्राम का इतिहास बताया जाय तथा देश पर शहीद हुए देशभक्तों के जीवन के प्रेरक-प्रसंग दोहराये जाये, जिसमें उनमें राष्ट्रीय चेतना का भाव जागृत हो। शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी कार्यक्रमों/योजनाओं के साथ ही शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देने वाले ऑनलाइन कार्यक्रम भी आयोजित किये जाये। इस महामारी के दौर में सभा आदि करना उचित नहीं होगा।

उन्होनें कहा कि इस अवसर पर मा0 प्रधानमंत्री द्वारा आत्मनिर्भर भारत बनाने के संदेश का जनमानस में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जायेगा एवं इसके लिए विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के माध्यम से जनमानस तक पहुॅचाया जायेगा। 15 अगस्त को ब्लॉक व तहसील स्तर पर होने वाले स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों में कोविड-19 से संबंधित नियमों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। नगर पालिका परिषद के द्वारा दो-दो मौहल्ले सफाई अभियान पूर्व से चलायेंगें तथा जिला पंचायत राज अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में दो-दो गांव की सफाई एवं वृक्षारोपण करायेंगे तथा सांय को सूचना जिला मुख्यालय भेजे तथा जगह-जगह स्वच्छता अभियान के तहत ग्रीन व ब्लू रंग की डस्टबिन भी रखवायेगें। आगरा रोड से कचहरी, कचहरी से पुलिस लाइन तक स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन तक स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। क्षेत्राधिकारी पुलिस सदर के द्वारा भर्ती वालों का सहयोग लिया जायेगा। उसके बाद सांय 6:30 बजे प्रातः 5 बजे तक स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14, 15 अगस्त को रोशनी की जायेगी तथा शहर व कस्बों के मुख्य चौराहों, कलैक्ट्रेट, तहसील, ब्लाकों, नगर पालिका, नगर पंचायतों आदि पर स्थापित शहीद स्मारकों पर एक दिन पहले सफाई आदि की व्यवस्था की जायेगी। 15 अगस्त को प्रातः माल्यार्पण तथा शाम को वहां लाउडस्पीकर से देशभक्ति के गाने बजाये जायेंगें।

## कोविड-19

# बालराई. कोराना टीकाकरण सत्र आयोजित करके प्राथमिकता के आधार पर किया टीकाकरण

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

रानी-पाली। निकटवर्ती रानी पंचायत समिति के ग्राम पंचायत बालराई भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर कोराना टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया। कोविड-19 बचाव उपचार के लिए चिकित्सा विभाग के आदेश के अनुसार शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ पाली के ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर कोरना टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान 2021 के तहत टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत प्रशासन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्वास्थ्य कर्मियों ने लगातार लोगों से कोरोना टीका लगाने के लिए उत्साहित करके कोराना टीके लगवाए जा रहे हैं।



बालराई सरपंच केसाराम कुमावत ने बताया कि विश्वव्यापी महामारी के बढ़ते प्रकोप को रोकने के साथ-साथ संभावनाओं के अनुसार तीसरी लहर को रोकने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर हर संभव पूरा प्रयास किया जा रहा है।

ए एन एम ललिता कवर ने बताया 220 लोगों को प्राथमिकता के आधार पर कोरोना के टीके लगाए गए। इस मौके पर सरपंच केसाराम कुमावत। ए एन एम ललिता कवर। सी एच ओ सुरेश कुमार लागेशा। नारायण लाल प्रजापत। नरेंद्र सिंह चंपावत। राजाराम चौधरी। नीतीश कुमार कुमावत। महावीर प्रसाद लखारा। प्रवीण। दिलीप गहलोत ।भरत लाल मीणा। हरीश कुमार। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम पंचायत कार्मिक आदि मौजूद रहे।

# आपसी मनमुटाव के चलते अलग-अलग रह रहे दो दंपत्ति हुए फिर से एक



सोनू कुमार माथुर

एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाने में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में आज दो टूटे हुए परिवारों को फिर से मिलाकर एक किया गया, मामला थाना जलेसर जिला एटा के ग्राम नरहोली का है जहां के रहने बाली रिहाना पुत्री इस्लाम का अपने पति फखरूद्दीन ऊर्फ समीर पुत्र ताजुद्दीन निवासी राजपुर थाना हाथरस से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, आज दोनो पक्षों को बुलाकर उनके गिले शिकवे दूर कराकर फिर से मिला दिया गया, वहीं दूसरा मामला थाना मलावन जिला एटा के ग्राम सलेमपुर खेड़िया का है जहां की रहने बाली विमलेश पुत्री श्री जहान सिंह का अपने पति शैलेंद्र सिंह से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, आज इन दोनो पक्षों को भी बुलाकर उनके गिले शिकवे दूर कराकर फिर से मिला दिया गया, आज की बैठक में प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र श्रीमती कंचन कटियार, एसएचओ श्रीमती रज़िया सुल्ताना, काउंसलर सचिंद्र गुप्ता , संजीव तिवारी , अनिल कुलश्रेष्ठ , गीता शर्मा के अलावा महिला थाने का स्टाफ मौजूद रहा।



# युग पुरूष वीर शिरोमणि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 383 वी जयंती मनाई गई

ब्यूरो पुष्पांजली टुडे

पोरसा / युग पुरूष वीर शिरोमणि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 383 वी जयंती माधव एक्सीलेंस स्कूल नागाजी धाम पोरसा में बड़े धूमधाम एवं बड़े हर्ष उल्ल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का श्री गणेश ध्वजारोहण व राष्ट्रवीर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। जिसमे समाज के गणमान्य लोगो ने सहभागिता की सर्व श्री विहारी लाल जी राठौर अध्यक्ष, श्री नत्थीलाल जी आचार्य, श्री रामेश्वर राठौर नेता जी, श्री भावसिंह राठौर ÷ भैया जी÷, डॉ प्रेमकिशोर राठौर, श्रीकृष्ण जी राठौर शिक्षक, श्री धर्मेन्द्र राठौर युवा अध्यक्ष, राजेन्द्र जी राठौर, कन्हैया लाल जी राठौर, बंटी राठौर, मुंनेश जी राठौर, विवेक राठौर, रामनिवास राठौर, राधेश्याम राठौर, जसमन्त राठौर, फूलसिंह, रामोतार राठौर एवं समस्त राठौर समाज पोरसा की उपस्थित में मनाया गया। साथ ही सन्देश दिया कोरोना का भविष्य में कड़ाई से पालन किया जाए। कोरोना में शान्त हुए समाज बंधुओं की आत्मशन्ति के लिए मोन धारण कर पुष्पांजलि दी गई।

# भिंड नगर पालिका अधिकारी वार्ड वासियों को दुत्कार कर भगा देते हैं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत खातों में पैसे नहीं पहुंचे

दैनिक पुष्पांजलि टुडे

*अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन*

भिंड/प्रधानमंत्री आवास प्रमाण पत्र बांट दिए वार्ड के वार्ड वासी नगर पालिका के चक्कर लगाकर हुए हताश/

वार्ड नंबर 3 वाटर वर्क्स नरपत कुशवाहा गिरवर कुशवाह ने बताया काफी दिन पहले मुझे नगर पालिका की तरफ से प्रधानमंत्री आवास प्रमाण पत्र मिल चुका है लेकिन खाते में रुपए नहीं आए जब नगरपालिका संबंधित अधिकारियों के पास गए तो उन्होंने दुत्कार कर भगा दिया सीओ में साहब से मिले तो उन्होंने कहा पैसे आपके खाते में पहुंच जाएंगे इस बात को काफी समय हो गया कोई सुध नहीं ले रहा



वार्ड नंबर 2 जैन डिग्री कॉलेज वाली गली शशी जैन का भी कहना है कि प्रधानमंत्री आवास प्रमाण पत्र दे दिया लेकिन अभी तक खाते में रुपए नहीं आए जब नगरपालिका जाते हैं तो नगरपालिका के आला अफसर दुत्कार कर भगा देते हैं

मीडिया के माध्यम से हम वार्ड वासी अधिकारियों को अवगत कराना चाहते हैं पैसे खाते में डालें या ना डालें लेकिन व्यक्तियों को सही मशवरा दें सही राय बताएं किसी व्यक्ति विशेष को दुत्कार कर आते हैं यह शासन की राजनीति गलत है वार्ड वासियों का कहना है कि ऐसा सुनने में आया है नगरपालिका के कुछ अधिकारियों का कहना है जब तक आप प्रधानमंत्री आवास शाखा में जो कर्मचारी हैं उनको रिश्वत नहीं दोगे तो आप लोगों को पैसा नहीं मिलेगा शशि जैन का कहना है कि जब हम नगरपालिका गए तो वहां के अधिकारी ने मुझसे ?5000 मांगे मेरे पास रुपए ना होने के कारण हमारे खाते में रुपए नहीं डाले श्रीमान जी से निवेदन है इसको संज्ञान में लेते हुए भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए अन्यथा हम वार्ड वासी कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे।

# उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देता ग्रामीण

मऊरानीपुर(झांसी)

ग्रामपंचायत रेवन में बनी गौशाला जर्जर हालत में हो जाने से यहां पर गायों को बांधना मुश्किल हो गया है। गौशाला के चारों तरफ बाउण्ड्रीवाल नहीं है। चारों तरफ लगी जाली नीचे से निकल चुकी है। जिस कारण गायों के बछडे बाहर निकल जाते है। जब कोई गाय बछडे को जन्म देती है, तो आवारा जानवर, जाली के नीचे से घुसकर बछडों को खा जाते है। गौशाला में लगा टीनशेड पूर्णरूप से जर्जर हो चुका है। भूसा घर में न कोई दरवाजा लगा हुआ है, न ही छत की व्यवस्था है। जानवरों को पीने के पानी के लिये बनी होदी हट चुकी है। जिनमें पानी नहीं रूकता। बोर में न ही मोटर है, न ही पानी की कोई व्यवस्था, यदि ऐसी स्थिति में जानवरों को गौशाला में रखा जाता है, तो वह मरने की स्थिति में हो जायेगें। ग्रामप्रधान का कहना है कि जब तक गौशाला का नवीनीकरण नहीं होता है, तब तक गौशाला में जानवरों को नहीं रखा जा सकता। उपजिलाधिकारी को दिये प्रार्थनापत्र में उक्त गौशाला का नवीनीकरण कराये जाने की मांग की।

मऊरानीपुर(झांसी)= रौनी स्थित केदारेश्वर मंदिर परिसर में चल रही रामकथा के छठवें दिन कथाव्यास पं0 शशिशेखर महाराज ने श्रीराम के वनगमन की कथा सुनायी। आज से मंदिर परिसर में पार्थिवशिवलिंग निर्माण व शिवार्चन विधि-विधान पूर्वक कराया गया। प्रहलाद पांचाल, महेश रिछारिया, सौरभसिंह, सोनू डेंगरे, प्रीतम मोदी, कत्थन लल्ला, रामसिंह, बहादुरसिंह, मनोहरसिंह, राघवेंद्रसिंह, भूपेंद्र सोनी, रामदयाल साहू, पावस मोदी, जगदीश पांचाल, ललित पांचाल, फूलसिंह, ओमप्रकाश नन्ना, ओमी सिंह, हरपाल आदि श्रृद्धालु मौजूद रहे।



मऊरानीपुर(झांसी)= पुलिस की लचर प्रणाली के चलते चोर सक्रिय होते जा रहे है। आये दिन चोरी की घटनायें सामने आ रही है। मण्डी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत मुहल्ला नईबस्ती निवासी आनंदसिंह परिहार ने बताया कि वह गुरूवार की रात्रि परिजनों के साथ सो रहा था, पुत्र को आवश्यक कार्य से ग्वालियर जाना था, जिसके लिये वह सुबह तीन बजे जागा, तो देखा कि वहां से मोबाइल गायब है। उसने पिता को जगाया तो उन्होनें देखा कि बाहर के गेट खुले हुये थे, कपडे बाहर डले थे। पेंट की जेब से पैसे, मोबाइल व आदि सामान गायब था। सुबह होते ही इसकी सूचना पुलिस को दी। आनंद बस चलाकर अपने परिवार का भरणपोषण करता है। उसके घर चोरी होने के बाद आज वह एक-एक पैसे के लिये मोहताज हो गया।

मालूम हो कि 15दिन पूर्व नईबस्ती स्थित बगिया मंदिर पर गेट के ताले तोडकर मंदिर में लगे घंटे चोर चुरा ले गये थे। इसकी शिकायत मंदिर पुजारी द्वारा पुलिस से की गयी थी। लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुयी। जिससे चोरों के हौसलें बुलंद है। आज 15 दिन बाद मंदिर के पास ही आनंद के घर में चोरी हो गयी।

## वन-टू-वन

### गरिमामय अंदाज मे हुई स्वतंत्रता समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता समारोह से पुर्व फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की गई। जिसमें सामने आई खामियों को दूर किया गया। गौरतलब है कि 15 अगस्त को राज्य स्तरीय स्वतंत्रता समारोह पर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ध्वजारोहण करेंगे। वहीं समारोह में पुलिसकर्मियों को पदक से भी नवाजा जायेगा। फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल परेड में डीजीपी विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार, कमिश्नर कवींद्र कियावत, एडीजीपी ए सांई मनोहर, कलेक्टर अविनाश लवानिया, डीआईजी इरशाद वली भी मौजूद रहे। अफसरों ने परेड सलामी से लेकर पदक वितरण समारोह के बारे में जानकारी भी ली। इस परेड में 8 कंपनियां हिस्सा लेंगी, लेकिन कोरोना संक्रमण के चलते अबकी बार भी स्कूली बच्चे मुख्य समारोह में शामिल नहीं होंगे और न ही स्कूलों में बच्चों को बुलाया जा सकेगा। इसके साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों एवं लोकतंत्र सैनानियों का मुख्य समारोह मे आमंत्रित कर सम्मान करने के स्थान पर उनके घरों में ही सम्मान होगा। भोपाल में 11 स्वतंत्रता संग्राम सैनानी एवं 81 से अधिक लोकतंत्र सैनानियों का सम्मान किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है, जो स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र संग्राम सैनानियों के घरों में पहुंचकर शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान करेंगे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले एसएएफ जवान की गिरफ्तारी के लिये ग्वालियर पहुची पुलिस पार्टी

**भोपाल।** शिवपुरी की रहने वाली एक युवती को शादी का झांसा देकर भोपाल के ऐशबाग स्थित एक होटल में दुष्कर्म करने के आरोपी पुलिस आरक्षक को गिरफ्तार करने के लिए ऐशबाग थाने की पुलिस टीम ने ग्वालियर मे दस्तक दे दी है। आरोप है कि बाद में पीडीत युवती को जानकारी मिली कि आरोपी पहले से विवाहित है। इसके बाद युवती ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी की इन दिनों ग्वालियर की बटालियन में पोस्टिंग है। थाना पुलिस ने बताया कि 22 साल की युवती ने अपनी शिकायत मे बताया कि वो शिवपुरी की रहने वाली है। वहीं आरोपी नीरव जाटव भी शिवपुरी का रहने वाला है, ओर 23वीं बटालियन भोपाल में पदस्थ था। अभी उसकी पोस्टिंग ग्वालियर में है। युवती ने आगे बताया कि एक साल पहले नीरव जाटव ने उसे वाट्स एप पर मैसेज किया था। इसके बाद दोनों में चेटिंग होने लगी। बीती 2 अगस्त को युवती निजी काम से अपनी मां के साथ भोपाल आई थी। यह बात उसने नीरव को बताई। नीरव भी ग्वालियर से भोपाल पहुंच गया और ऐशबाग इलाके मे स्थित एक होटल में कमरा लेकर रुक गया। उसने युवती को होटल में मिलने के लिए बुलाया। वहॉ शादी का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बना लिये। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। शारीरिक संबंध बनने के बाद युवती को पता चला कि नीरव पहले से ही शादीशुदा है। इसके बाद युवती ऐशबाग थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

### सेना की मदद करने वाले अफगान नागरिकों निकाल रहा ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा (ए)।** अफगानिस्तान में तालिबान के तेजी से भूभागों पर कब्जा करने के बीच ऑस्ट्रेलिया उन अफगान नागरिकों को अमेरिका की मदद से तेजी से बाहर निकाल रहा है, जिन्होंने ऑस्ट्रलिया की फौज एवं राजनयिकों की मदद की थी।इसकी जानकारी शुक्रवार को प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने दी। ऑस्ट्रेलिया ने मई में अपने काबुल दूतावास को बंद कर जून में अपने सैनिकों को वापस बुला लिया, क्योंकि अमेरिका और नाटो की सेना 20 वर्षों की लड़ाई के बाद अफगानिस्तान से हट रहे हैं। मॉरिसन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने अप्रैल से 400 अफगान नागरिकों और उनके परिवार का पुनर्वास किया है, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया के साथ काम करने के कारण तालिबान से खतरा हो सकता है।लेकिन मॉरिसन ने यह नहीं बताया कि ऑस्ट्रेलिया में और कितने अफगान नागरिकों का पुनर्वास होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले कुछ महीने में हमने इस पर काफी काम किया है। हम अमेरिका एवं अन्य के साथ मिलकर काम कर रहे हैं जो इस इलाके में मौजूद हैं।'' तालिबान ने बृहस्पतिवार को देश के दो बड़े शहरों और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण एक प्रांत की राजधानी पर कब्जा कर लिया। अमेरिकी सैनिकों की वापसी के कुछ हफ्तों के भीतर ही उसने अफगानिस्तान में बड़े भूभाग पर कब्जा कर लिया है।

### चमन सीमा पर प्रदर्शन कर रहे अफगानी नागरिकों के साथ पाक सेना की झड़प

**इस्लामाबाद (ए)।** अफगानिस्तान में तालिबान तेजी से शहरों पर कब्जे कर रहा है। ऐसे में सीमा क्षेत्र को बंद किए जाने के विरोध में चमन सीमा पर प्रदर्शन कर रहे अफगान नागरिकों के साथ पाकिस्तानी सेना की झड़प हो गई है। झड़प इतनी गंभीर थी कि अफगानी नागरिकों पर पाकिस्तानी सेना ने आंसू गैस के गोले दागे हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, यह झड़प तब शुरू हुई जब 56 वर्षीय एक अफगान यात्री की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई, क्योंकि वह चमन-स्पिन बोल्डक क्रॉसिंग के माध्यम से अफगानिस्तान में प्रवेश करने के लिए धूल भरी गर्मी में इंतजार कर रहा था। प्रदर्शनकारी सीमा को फिर से खोलने की मांग करते हुए मृतक के शव को एक स्थानीय पाकिस्तानी सरकारी कार्यालय ले गए। कुछ ने सुरक्षा बलों पर पथराव करना शुरू कर दिया, जिसके जवाब में पाकिस्तानी सेना ने आंसू गैस के गोले दागे और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज भी किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। ज्ञात हो कि 6 अगस्त को तालिबान ने सीमा को बंद करने की घोषणा की थी।

# राष्ट्र वीर दुर्गादास जी संपूर्ण समाज के लिए : नरेंद्र सिंह कुशवाह

## भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने किया वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा माल्यार्पण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर ने अपने प्राण न्यौछावर कर समाज में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत किया। ऐसे वीर दुर्गादास जी संपूर्ण मानव समाज के लिए आदर्श हैं। उनकी जयंती पर उनके व्यक्त्वि और कृतित्व को अंगीकार कर समाज का हर व्यक्ति देश को आगे ले जाने के लिए काम करें। यह बात भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह कुशवाह ने राष्ट्रवीर श्री दुर्गादास राठौर की 383 जयंती पर प्रतिमा अनावरण समारोह में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने की इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदोरिया राठौर समाज की जिला अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह राठौर भाजपा उमरी मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह राठौर राजवीर सिंह गुर्जर श्रीमती बेबी राठौर मंचासीन थे।

पूर्व विधायक कुशवाह ने राठौर महासभा द्वारा राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 383 जयंती पर वार्ड क्रमांक 4 भीम नगरके पास दुर्गादास राठौर की प्रतिमा जयंती समारोह मैं ने दीप प्रज्जवलन कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

प्रतिमा माला अर्पण करते हुए संगोष्ठी समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने संबोधित करते हुए ने कहा कि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर मुगल अक्रांता औरंगजेब को हराकर राष्ट्र धर्म की रक्षा की। भारत की एकता और अखण्डता में उनका अविस्मरणीय योगदान है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी में ऐसे अनाम वीर रहे हैं, जिन्हें आजादी के बाद जो सम्मान और स्थान मिलना था, वह नहीं मिल पाया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ऐसे अनाम वीरो और शहीदों की स्मृतियों को न केवल संजोया बल्कि उनकी याद को हमेशा बनाये रखने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करती आई है। पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदोरिया ने आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में होने वाले अमृत महोत्सव की जानकारी देते हुए कहा कि आजादी के उन वीरों की गाथाएं जन-जन तक पहुंचें। इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने आजादी के 75वे अमृत महोत्सव की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि दुर्गादास राठौर जी ने समाज को एक करने के लिए जो कार्य किया है उसे आगे ले जाना ही उनको हमारी ओर से सच्ची श्रद्धांजल अर्पित की।




**जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस 14 अगस्त को**

# माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर होगा आयोजन

**सोनू कुमार माथुर**

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में 14 अगस्त शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निस्तारण किया जाना शासन की सर्वाच्च प्राथमिकता है। शासन द्वारा यह अनुभव किया जा रहा है कि ज्यादातर समस्यायें राजस्व एवं पुलिस विभाग के समन्वय से निस्तारित की जा सकती हैं। इसके लिए थाना सर्वाधिक उपयुक्त स्थल हो सकता है, क्योंकि अधिकांश समस्यायें भूमि विवाद दबंग व्यक्तियों द्वारा उत्पीडन, शारीरिक हिंसा तथा जोर जबरदस्ती से संबंधित होती है। थाना स्तर पर अन्य पक्ष तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में पक्षकारों की एक सुनवाई कर अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निदान सम्भव हो सकता है।

# महिला ने फॉसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** राजधानी के निशातपुरा थाना इलाके मे स्थित जनता क्वार्टर में महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की घटना सामने आई है। शुरुआती जॉच मे पुलिस को उसके पास से फिलहाल कोई सुसाइड नोट या अन्य सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणो का खुलासा हो सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर जॉच शुरु कर दी है। पुलिस का कहना है कि महिला के परिजन के बयान दर्ज किये जायेगे जिसके बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी। पुलिस ने बताया कि तस्लीम पति बाबर (25) जनता नगर करोंद में किराए से रहती थी। उसका पति बाबर मंडी में हम्माली करता है। तस्लीम और बाबर के दो बच्चे हैं, जिनमे सात साल की बेटी और तीन साल का बेटा है। बाबर ने पुलिस को बताया कि बीती अलसुबह ही वो मंडी काम पर चला गया था। घर पर पत्री और दोनों बच्चे थे।

# जनपदीय आपात सेवा 112 का 09 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण होने पर कर्मियों को वितरित किए गए प्रशस्ति पत्र

**सोनू कुमार माथुर**

एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री ओमप्रकाश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में दिनांक 04.08.2021 से शुरू हुए आपात सेवा 112 के 09 दिवसीय रिफेशर कोर्स कार्यक्रम को एमडीएसएल के प्रशिक्षकों एवं टीओटी प्राप्त पुलिस प्रशिक्षकों द्वारा पूर्ण कराया गया, जिसमें तकनीकी प्रशिक्षण, महिला संबंधी मुद्दे, आपदा संबंधी मुद्दे, बौद्धिक अशक्त बच्चे संबंधी मुद्दे, प्राथमिक उपचार, बल प्रयोग के सिद्धांत, ड्ढह्वस्त्र4 श्चड्ड्वद्ध, वन मैन टेक डाउन, लाक होल्ड एंड रिलीज आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। विभिन्न थानों एवं पुलिस लाइन में तैनात 25 पुलिसकर्मियों का 09 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 04.08.2021 से दिनांक 13.08.2021 तक जिला प्रशिक्षण इकाई (डीटीयू) के माध्यम से पूर्ण कराया गया। जिसमें कुल 25 पुलिसकर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आज दिनांक 13.08.2021 को प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



इस मौके पर एमडीएसएल ट्रेनर नितिन सिंह, सचिन धाकरे एवं बेसिक पुलिस टैक्टिस के विभागीय ट्रेनर का0 हुकम सिंह, का0 जय कुमार, का0 सुनील कुमार एवं प्रभारी डीटीयू/112 श्री हरीशंकर वर्मा, उ0निरी0 श्री निशांत भास्कर 112/ष्ठञ्ज, प्रतिसार निरीक्षक एटा श्री हरपाल सिंह एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला पुलिस बल उपस्थित रहा।

# रूपावास कोविड-19 टीकाकरण सत्र का आयोजन



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**


पाली । पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत रूपावास ग्राम पंचायत भवन पर कोविड 19 टीकाकरण अभियान 2021 का सत्र आयोजन किया गया।

जिसमें 18 प्लस 45 वर्ष से ऊपर के युवाओ व महिलाओ को 164 लोगो को कोराना टीका लगाया गया। ।टीकाकरण अभियान में तेजी लाने के लिए जिला प्रशासन चिकित्सा विभाग पंचायत प्रशासन ने लगातार प्रयास करके लोगों को उत्साहित किया गया। कोराना टीकाकरण सत्र में लम्बी कतार में खड़े होकर अपनी बारी आने का इन्तजार कर बड़े उत्साह से कोरोना वैक्सीन की खुराक ली। इस मौके पर डॉ नरेन्द्र खण्डेलवाल, समाज सेवी हरिभाई पटेल, डॉ ओमप्रकाश भाटी, प्रवीण गर्ग, आशा बैन देवासी, तारा मेगवंशी, पूर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल सहित कई ग्राम वासी मौजूद थे।

# क्या गोहद में में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो बेटियों पर होने वाले अवैध वसूली जैसे अन्याय को रोक सके

**महेंद्र शर्मा, ग्वालियर संभाग रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

*गोहद। भारत जैसे देश मैं जहा शिक्षा सबका अधिकार है, और हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री से प्रदेश के मुख्यमंत्री जी सभी शिक्षा को इतना बढ़ावा दे रहे है, वहा ऐसी घटनाएं अविश्वनीय है, जहां एक और मध्यप्रदेश शासन के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा निजी विद्यालयों को भी यह निर्देश दिए जा रहे हैं कि कराना संकट के चलते निजी विद्यालय शिक्षण शुल्क के अलावा कोई शुल्क वसूल नहीं करेंगे वहीं दूसरी ओर शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय गोहद के प्राचार्य किशनलाल शेजवार द्वारा भ्रष्टाचार की सीमा को पार करते हुए तानाशाही पूर्ण आदेश जारी किया है जिसमें छात्राओं पर मनमानी शुल्क लगाए हैं शायद सभी अधिकारी आंख बंद किए हुए हैं या फिर किसी बड़े व्यक्ति का वरद हस्त है जिससे कोई भी इस शोषण की कहानी को जो 2 वर्ष से अधिक से चल रही है रोकने की हिम्मत नहीं कर पा रहा है माननीय मुख्यमंत्री महोदय प्रभारी मंत्री महोदय कलेक्टर महोदय एवं विधायक महोदय गोहद से विनम्र आग्रह है की बालिकाओं के हित में कार्यवाही करते हुए इस भ्रष्ट प्राचार्य को गोहद से हटाने की कार्यवाही करवाएं ताकि गोहद का शिक्षा विभाग कलंकित होने से बच सके।*



**बा - बापु वृक्षारोपण महा अभियान 2021 का शुभारंभ**

# प्रत्येक वृक्ष की देखभाल करना ग्राम पंचायत की पहली प्राथमिकता रहेगी : सरपंच मंगलाराम मीणा

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

पाली।गिराडडा । पर्यावरण संरक्षण हरियालो राजस्थान अभियान के तहत राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिले के अलग-अलग स्थानों पर औषधि पौधे के साथ-साथ वृक्षारोपण महाअभियान 2021 के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है।

पाली पंचायत समिति के ग्राम पंचायतगिराडडा राजकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर मेंबा बापु वृक्षारोपण अभियान के तहत पाली पंचायत समिति प्रधान मोहनी पुखराज पटेल के सानिध्य में वृक्षारोपण का शुभारंभ किया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर वृक्षारोपण अभियान के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में मनरेगा श्रमिकों ने किया वृक्षारोपण। वृक्षारोपण अभियान के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत के विभिन्न स्थानों पर 500 वृक्ष लगाए जाएंगे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में वृक्षारोपण पर प्रकाश डालते हुए प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरियालो राजस्थान के अभियान में वृक्षारोपण मैं प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को हर वर्ष एक वृक्ष लगाने का संकल्प लेना होगा। कोराना काल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए प्रदेश भर में वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है। सरपंच मंगा राम मीणा ने बताया कि वृक्ष ही हमारी मुख्य जान हैं और इनकी रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। और प्रत्येक वृक्ष की देखभाल ग्राम पंचायत स्तर पर की जाएगी।

प्रधानाचार्य चंद्रेश पाल सिंह ने बताया कि वृक्ष का महत्व के बारे में वर्णन तो नहीं कर सकते लेकिन प्रकृति वृक्ष के ऊपर ही निर्भर हैं। वृक्षारोपण करने से हम ऑक्सीजन की कमी को पूरा नहीं कर सकते लेकिन हर व्यक्ति को संकल्प के साथ प्रत्येक वर्ष एक वृक्ष लगाने की प्रेरणा ले तो आने वाले समय में प्रकृति के साथ खिलवाड़ भी नहीं होगी और ऑक्सीजन की कमी महसूस नहीं होगी । उप सरपंच नरपत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभ्यता को विनाश से बचाने हेतु पर्यावरण संरक्षण अति आवश्यक है। और पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण पर अधिक से अधिक जोर देना होगा। वृक्ष धरती मां का श्रृंगार है। हम सबको इस पुनीत कार्य में सहयोग करना होगा। वृक्षारोपण को हमें एक आंदोलन के रूप में लेने की आवश्यकता है।



इस मौके पर पाली प्रधान मोहनी पुखराज पटेल ।सरपंच मंगलाराम मीणा । ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश मीणा। उप सरपंच नरपत सिंह कुंपावत । प्रधानाचार्य चंद्रेश पाल सिंह। राजकीय माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक गण। श्री चारभुजा गौशाला संस्थापक भीकाराम देवासी। सुरक्षा गार्ड बुधाराम। वार्ड पंच.भापाराम बावरी। पुष्पा देवी शर्मा। उदाराम सिरवी। बालू दास वैष्णव। रुपाराम माली। इंदिरा बंजारा। मांगी देवी पटेल। नारायणी देवी मीणा। सहित गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## वन-टू-वन

### प्रभारी मंत्री सिलावट दो दिवसीय प्रवास पर आज ग्वालियर आयेंगे

**ग्वालियर।** प्रदेश के जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट 14 अगस्त को ग्वालियर आयेंगे। 14 अगस्त को स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके साथ ही 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट 14 अगस्त को रतलाम - भिण्ड ट्रेन से ग्वालियर पधारेंगे। स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके साथ ही 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। प्रभारी मंत्री सिलावट शाम 5 बजे ग्वालियर से ट्रेन द्वारा भोपाल के लिये रवाना होंगे

### डाक अदालत का आयोजन 27 को

**ग्वालियर।** ग्वालियर संभाग में डाक अदालत का आयोजन 27 अगस्त की दोपहर 12:00 बजे प्रवर अधीक्षक डाकघर ग्वालियर संभाग के कार्यालय में किया जाएगा। इसमें डाक सेवाएं काउंटर सेवा डाकघर बचत बैंक एवं मनीआर्डर आदि से संबंधित शिकायतें सुनी जाएंगी। जो उपभोक्ता इस अदालत में अपना पक्ष रखना चाहते हैं वे अपनी शिकायतें अपने मोबाइल नंबर सहित ईमेल के माध्यम से अथवा सामान्य पंजीकृत एवं स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से डाक अदालत के कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर ग्वालियर संभाग को 20 अगस्त तक भेज सकते हैं।

### सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन हास्य

**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद की शाखा संस्कृति द्वारा सांस्कृतिक सप्ताह का आयोजन 14 से 20 अगस्त तक किया जाएगा। इसके अंतर्गत 14 को बेल एयर पब्लिक स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता 15 अगस्त को स्वर्ग सदन आश्रम में सुंदरकांड 16 को यातायात जागरूकता अभियान 17 को बृद्आश्रम में पादुका वितरण 18 को शारदा बालग्राम में चारा वितरण 19 को भोजन वितरण किया जाएगा ।कार्यक्रम का समापन 20 अगस्त को जीवाजी क्लब में होगा।

### कोरोना की तीसरी संभावित लहर को ध्यान में रखकर जेलों में रक्षाबंधन पर मुलाकात प्रतिबंधित

**ग्वालियर।** कोरोना की तीसरी संभावित लहर को ध्यान में रखकर इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर्व पर केन्द्रीय जेल ग्वालियर सहित ग्वालियर सर्किल की सभी जिला व सब जेलों में खुली मुलाकात स्थगित रहेंगीं। केन्द्रीय जेल ग्वालियर के अधीक्षक श्री मनोज कुमार साहू ने बताया कि 22 अगस्त रक्षाबंधन को रविवार का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण सामान्य मुलाकात भी बंद रहेगी। उन्होंने बताया कोरोना महामारी की तीसरी लहर की संभावना को ध्यान में रखकर डब्ल्यूएचओ एवं राज्य शासन की गाइडलाइन के तहत जेलों में सभी प्रकार की मुलाकातें प्रतिबंधित की गई हैं।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक 17 अगस्त को

**ग्वालियर।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक 17 अगस्त को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक सायंकाल 5.30 बजे कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में होगी। बैठक में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत सहायता वितरण की समीक्षा होगी। साथ ही पुनर्वास सुविधा, अभियोजन की स्थिति एवं पुलिस विवेचना में लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी की जायेगी।

### गृह मंत्री डॉ. मिश्र बाढ़ प्रभावित परिवारों की दुःख-तकलीफ दूर करने चाँदपुर पहुँचे

ग्वालियर। गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र बाढ़ से प्रभावित हुए लोगों की दुःख-तकलीफ दूर करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिले के डबरा विकासखण्ड के बाढ़ प्रभावित ग्राम चाँदपुर पहुँचे। इस अवसर पर उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाया कि सरकार आपदा की इस घड़ी में आप सबके साथ है। बाढ़ से हुए नुकसान के सर्वे का काम जारी है। जल्द ही आप सबको राहत वितरित की जायेगी। उन्होंने डबरा एसडीएम को जल्द से जल्द सर्वे का काम पूरा कराने के निर्देश दिए। डॉ. मिश्र ने कहा बाढ़ में जिन लोगों के मकान नष्ट हो गए हैं उन सभी के नए मकान बनाने के लिये सरकार एक लाख 20 हजार रूपए की राशि देगी। साथ ही राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत अन्य प्रकार के नुकसान की भरपाई भी सरकार करेगी।

# प्रदेश और देश में लोकतंत्र खतरे में है: डॉ. गोविंद सिंह

**ग्वालियर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की शिवराज सिंह सरकार द्वारा विधानसभा सत्र को समय से पहले स्थगित करना सरकार द्वारा ज्वलंत मुददों पर बहस से बचना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बाढ से लेकर अन्य मुददों पर चर्चा के लिये तैयार थी लेकिन विधानसभा का सत्र समय से पहले ही समाप्त कर दिया गया । जिससे कई महत्वपूर्ण मुददों पर सदन में चर्चा ही नहीं हो सकी। सरकार भी बाढ कोरोना जैसे मुददों पर चर्चा से मुंह छुपा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश में लोकतंत्र खतरे में है।



पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह , प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कांग्रेस रामनिवास रावत सहित अन्य विधायक और पदाधिकारियों ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि शिवराज सरकार के समय बने पुल नदियों में आई बाढ में बह गये। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के समय बने पुल आज भी सुरक्षित हैं। इससे स्पष्ट है कि शिवराज सरकार में बने पुलों में भ्रष्टाचार हुआ है। ओबीसी आरक्षण को लेकर डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि 18 अगस्त 2020 को शिवराज सिंह सरकार के कार्यकाल में महाधिवक्ता ने कोर्ट में लिखकर दिया था कि ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत ही रखा जाये 13 प्रतिशत को वापस लिया जाता है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्णय के बाद अब सरकार जागी है यदि उसी समय सरकार ने ओबीसी आरक्षण पर हितों का ध्यान रखा होता तो ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत होता। डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह घोषणायें तो अनेक करते हैं लेकिन धरातल पर कुछ नहीं होता। उन्होंने बताया कि कोरोना में मृतकों को एक लाख रूपये देने की घोषणा की लेकिन किसी भी व्यक्ति को उक्त पैसा नहीं दिया गया। डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश एनसीआरबी की रिपोर्ट में फिर बलात्कार में नंबर एक पर है। वहीं बेरोजगारी , मंहगाई चरम पर है। पेट्रोल डीजल के दामों में वैश्विक दाम कम होने के बाद भी मध्यप्रदेश में ज्यादा दाम हैं। इससे सरकार ने अपना खजाना तो भरा और जनता की जेब पर डाका डाला। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति भी खराब है। डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि सरकार किसानों को छह हजार रूपये देकर उनसे एक हजार और ज्यादा ले रही है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सहित देश में लोकतंत्र खतरे में है। सरकार सदन में किसी भी विषय पर चर्चा कराने से भागती है। इसी के चलते सदन समय से पहले ही समाप्त कर दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह से नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी किसी और को सौपे जाने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर कि आप कब नेता प्रतिपक्ष बन रहे हैं। डॉ. गोविंद सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुये कहा कि आप जब बना दोगे तब बन जायेंगे। इस अवसर पर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रावत ने कहा कि वैसे मामला वरिष्ठ नेतृत्व तय करेगा लेकिन एक नाम डॉ. गोविंद सिंह का भी हो सकता है। पत्रकार वार्ता में विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार, सुरेश राजे , जिलाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा , प्रवक्ता जिला आनंद शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

### आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 सम्पन्न

**ग्वालियर।** आज़ादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नेहरू युवा केन्द्र ग्वालियर (म.प्र)युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान मे ग्वालियर के किले पर आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया गया।जिसके उपलक्ष्य फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया महोत्सव के उद्देश्य को चरितार्थ करने के लिये जनभागीदारी से जनांदोलन के रूप में इसे जन-जन तक पहुंचाया जायगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए जिला युवा अधिकारी सुश्री नेहा जादौन जी ने कहा कि जनमानस में फिटनेस के लिये जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिये लोगों को प्रेरित करने की आवश्यकता है।कार्यक्रम के अतिथि श्री कमल माखीजानी जी जिला भा.ज.पा. अध्यक्ष ने कहा कि युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए खेलों को अपने जीवन में शामिल करना होगा।

# वीर सपूतों की शहादत की बदौलत ही हम सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं : ब्रिगेडियर शर्मा

### एनसीसी कैडेट्स ने स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों की मूर्तियों की साफ-सफाई कर दी श्रद्धांजलि

**ग्वालियर।** भारत की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर चुके अमर शहीदों की प्रतिमाओं की एनसीसी कैडिट द्वारा साफ-सफाई कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एनसीसी के महानिदेशक एवं रक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार सम्पूर्ण देश के साथ-साथ शुक्रवार को ग्वालियर शहर में भी यह आयोजन हुआ। ग्वालियर शहर में हेमसिंह की परेड सिकंदर कम्पू स्थित त्रिमूर्ति चैराहा पर शहीद-ए-आज़म भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद व नेताजी सुभाष चंद बोस की प्रतिमाओं की साफ-सफाई कर एनसीसी कैडिट द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित एनसीसी के कैडेट और अधिकारियों ने शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प-चक्र अर्पित किए। शहीदों के सम्मान में यह कार्यक्रम एनसीसी ग्रुप ग्वालियर के बिग्रेडियर व्ही.एम. शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं 15 म.प्र. बटालियन एनसीसी ग्वालियर के कमान



अधिकारी कर्नल अरिंदम मजुमदार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें एनसीसी की तीनों विंग नेवल युनिट, गर्ल्स बटालियन एवं वॉयज बटालियन के एनसीसी कैडिट व अधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने वीर शहीदों की प्रतिमाओं पर श्रृद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर ब्रिगेडियर व्ही एम शर्मा ने कहा वीर शहीदों के बलिदान के कारण ही हम स्वतंत्र हैं और खुली हवा में सांस ले रहे हैं। भारत माता के इन वीर सपूतों ने हँसते-हँसते फाँसी के फंदे को चूमकर मातृ भमि की रक्षा और देश की एकता व अखण्डता के लिये अपना बलिदान दिया। इन सबके बलिदान के फलस्वरूप ही भारत माता को आजादी मिली। कार्यक्रम में सूबेदार मेजर अलीशेर, सूबेदार प्रमोद कुमार, नायब सूबेदार चरनजीत सिहं, मेजर सुनील पाठक, कैप्टन डी एस गुर्जर, नेत्रपाल सिंह जादौन व मुकेश कुमार पाण्डे सहित नेवल गर्ल्स व ब्वॉयज बटालियन के कैडेट व एनसीसी अधिकारी उपस्थित थे।


















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478